हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 9 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

10 परीक्षा के बीच उपलब्धियों का करेंगे बखान

11 साइबर सुरक्षा के उपायों को रंगोली बनाकर किया प्रदर्शित




# प्रयागराज महाकुंभ में भिलाई से भेजे जाएंगे श्रद्धालुओं के लिए थैले और स्टील थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ प्रयागराज के महाकुंभ में भिलाई सिटी भी सहभागिता निभाने जा रही है। इस महाकुंभ को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हरित कुंभ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि शाखा द्वारा देशभर से थैले और स्टील के बर्तन एकत्र किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई के लोग भी जुड़ गए हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला दुर्ग द्वारा 10 दिसंबर 2024 तक समाज द्वारा दिए गए दान को कुंभ समिति को भेजा जाएगा। जिससे कुंभ मेला समिति और कुंभ मे होने वाली भोजन व्यवस्था हेतु इसे वितरण किया जा सके।

अलग खबर

### सेवाभावी संस्थाएं दे सकती हैं योगदान

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दुर्ग जिला ने अपील कर कहा है कि समाज में उपस्थित सामाजिक धार्मिक संगठन एवं सेवा भाव से सहयोग करने वाले व्यक्ति संघ की शाखाओं के माध्यम से इस अभियान में भाग ले सकते हैं। सेक्टर 1 के श्रीनिवास खेड़िया ने सेक्टर 1 भिलाई (वंदेमातरम अपार्टमेंट ग्रुप) ने 100 थैला और 100 थाली का दान किया। इस अभियान में अनुज नारद पर्यावरण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भिलाई नगर के कार्यवाह दीनबंधु एवं अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। जानकारी के लिए नितेश सिंग (7000490005) और डॉ. अनुज नारद (9993544460) से संपर्क कर सकते हैं।

### आरएसएस की पर्यावरण शाखा दुर्ग जिला कर रही है जागरूक



### पूरे जिले में चल रही गतिविधि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू धर्मसभा से जुड़े लोग पूरे जिले में इस अभियान में जुटे हुए है। लोगों व सेवाभावी संगठनों से संपर्क कर थैले और स्टील बर्तन दान करने के लिए प्रेरित कर रहे है। हालाकि लोग स्वेच्छा से इस पूर्ण कार्य में योगदान दे रहे है। दुर्ग, दुर्ग ग्रामीण, वैशालीनगर, भिलाई नगर और पाटन विधानसभा क्षेत्र में भी इस कार्य के लिए लोग जुड़ रहे है।

### महाकुंभ स्थल के कचरे को करेंगे कम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण भारत से थैला और थाली दान के रूप में एकत्रित कर प्रयागराज कुम्भ मेला समिति को भेजे जा रहे हैं। यह थैला तीर्थयात्रियों को प्लास्टिक का समान चिप्स के पैकेट बिस्कुट और पानी की बोतल आदि सामान रखने के लिए है। स्टील की खंड वाली थालियां कुंभ मेले में भोजन व्यवस्था में उपयोग करने हेतु प्रदान की जा रही है। जिससे 75 देशों से आने वाले लगभग 40 करोड़ आगंतुक, भोजन व्यवस्था में केवल स्टील की थाली को उपयोग में लेंगे और किसी प्रकार का डिस्पोजेबल प्लेट दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे, जिससे लगभग 40000 टन होने वाले कचरे में से 20000 कचरे को कम किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### हथियार रखकर धमकाने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** अवैध रुप से हथियार रखकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि स्मृति नगर स्थित सूर्यामॉल में केलाबाडी दुर्ग निवासी आसिफ अली 23 वर्ष के युवक ने अपने पास खंजर रखा हुआ था। आने जाने वाले लोगों को हथियार दिखाकर धमका रहा था। सूचना पर स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को घेरांबदी कर पकड़ लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने खंजर जब्त किया है।

### एएसपी ने ली बैठक

**भिलाई।** जिले के सभी कोर्ट आरक्षक और मिहर्रीर की बैठक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में ली गई। इस दौरान एएसपी अभिषके झा ने दैनिक रूप से किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य एजेंडा न्यायालय में विवेचना के पश्चात होने वाली न्यायलिन प्रक्रिया के तहत आरोपियों के द्वारा लगाई जाने वाली जमानत याचिका की जानकारी तुरंत थाना प्रभारीं को सूचित करने को लेकर था। जिसे सभी मौजूद कोर्ट आरक्षक और कोर्ट मुहर्रिर को यह जानकारी दी गई। यह बैठक आईजी रामगोपाल गर्ग और एसपी जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया।


### बीएलओ को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** वोटर लिस्ट से नाम काटने को लेकर बीएलओ को धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। छावनी पुलिस ने बताया कि रावणभाठा शीतला तालाब सुपेला निवासी जितेन्द्र यादव को को पकड़ा गया है। स्कूल में पहुंचकर को बीएलओ को जान से मारने तक की धमकी दिया था।

## हादसा : सेक्टर-1 में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

# तेज रफ्तार ने ली दो सगी बहनों की जान, दोस्त ने भी तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरान जाने से दो सगी बहन और उसके दोस्त की मौत हो गई। तीनों के शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया है। घटना सेक्टर 1 स्थित मूर्गा चौक के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक कार सीजी 7 एटी 2620 में सवार होकर धनोरा निवासी लुकेन्द्र उइके, मरोदा दीपिका कौर, पूनम कौर और परमवीर कैम्प से सेक्टर 9 की ओर जा रहे थे। इस दौरान पावर हाउस ब्रिज से निकलकर सेक्टर की ओर आए। कार जैसे सेक्टर 1 के मूर्गा चौक पहुंची अचानक अनियंत्रित को होकर सीधे झाड़ियों में घुस गई। कार की रफ्तार इतना अधिक था कि पेड से टकरा जाने से कार के परखच्चे उड गए। आसपास के लोगों की मदद से कार के दरवाजे को तोड़कर सभी लोगों को बाहर निकाला गया। इस दौरान लुकेन्द्र , दीपिका और पूनम गंभीर रुप से घायल थे। वहीं परमवीर को मामूली चोट आई। तुंरत लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जहा लुकेन्द्र, दीपिका, पूनम की मौत हो गई। कार को लुकेन्द्र चला रहा था। सामने सीट पर दीपिका और कार के पीछे सीट पर परमवीर, पूनम सवार थे। दीपिका व पूनम आपस बहन है। हादसे की जानकारी लगने पर परिवार में मातम पसर गया है। घटना की सूचना परमवीर ने परिजनों को कल कर दिया। तब सभी को जानकारी हो पाई। बताया जा रहा है कि हादसे में कार का एयरबैग नहीं खुल पाया था।इसके अलाना चालक सीट बेल्ट तक नहीं लगाया था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उक्त जानकारी दी। उनका कहना था कि सीट बेल्ट लगाई होती तो एयरबैग खुलने से उनकी जान बच सकती थी।

### गुरुद्वारा के पाठ में शामिल होकर लौट रहे थे

बताया जा रहा है कि कार सवार कैम्प गुरुद्वारा में पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर लौटते समय हादसा हुआ। लुकेन्द्र सिविल कॉन्ट्रैक्टर था। वहीं पूनम विवाहित थी। उसका एक बेटा 16 वर्ष का है। जो 10वीं क्लास में पढ़ रहा है। वहीं दीपिका प्राइवेट जॉब करती थी। दोनों परमजीत की बहन हैं। सेक्टर में हुए हादसे को लेकर लोगों को सोचने में मजबूर कर दिया है कि शहर में रफ्तार थमने का नाम नहीं रहा है। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### बाल-बाल बचा परमवीर



हादसे का चशमदीद दोनों बहनों का भाई परमवीर बाल-बाल बच गया। हादसे में उसे कमर में थोडी चोट आई है। कार के पिछली सीट पर परम सवार था।अपने सामने ही दोनों बहनों के मौत देख परेशान हो गया। परम ने ही परिवार के लोगों को हादसे की जानकारी दी। तब सभी मौके और अस्पताल में पहुंच पाए। बताया गया कि ओवरटेक के चलते ही हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही हादसे का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज**

हादसे को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। हादसे का कारण पता लगाया जा रहा है।पीएम रिपोर्ट के बाद ही पूरा कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**राजेश साहू,** टीआई थाना भट्ठी

## उतई थाना क्षेत्र की है घटना

# लेनदेन को लेकर हत्या आरोपी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ उधारी रकम को लेकर हुआ था विवाद

उधारी रकम वापस मांगने पर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मर्रा निवासी पालेश्वर सिंह ने शिकायत किया कि ग्राम मर्रा के मनीराम यदु ने त्रिलोकी ठाकुर और सियाराम ठाकुर गौठान में बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी मनीराम ने त्रिलोकी ठाकुर से 600 रुपए उधारी लिया था। जिसे त्रिलोकी ठाकुर के मांगने के लिए मनीराम के पास गया था। लेकिन मनीराम ने उदारी रकम वापस अभी नहीं लौटाने की बात कही थी लेकिन त्रिलोकी अपना रुपए मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद दो बढ़ता देख सियाराम ठाकुर दोनों को छुड़ाकर अपने अपने घर भेज दिया। मनीराम यदु अपने घर जा रहा था। तभी पीछे त्रिलोकी ठाकुर भी उसके घर पहुंच गया। रुपए मांगने लगा फिर दोनों में विवाद बढ़ गया। आक्रोश में आकर मनीराम यदु ने मकान के भीतर पड़े लाठी उठाकर त्रिलोकी के सिर पर दे मारा। हमला से त्रिलोकी ठाकुर बेहोश हो गया। जिसे मनीराम घसीटते हुए ले जाकर घर के पास पैरावट के पास रख दिया। जिसे तुरंत उपचार के लिए उतई अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र में मकान का ताला टूटा, सुरक्षित नहीं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ अलमारी से नगदी हुआ पार, सांई नगर दुर्ग की धटना

ठंड के बढ़ते ही चोरी की वारदातों में लगातार इजाफा हो रहा है। जिसे रोकने में पुलिस सफल दिखाई नहीं दे रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं नगर वार्ड 56 दुर्ग निवासी मीना नायक मकान में ताला जड़कर अपने भैया-भाभी से मिलने गई थी। शनिवार सुबह घर वापस आई तो देखा दरवाजे का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही देखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। मकान से नगदी 15 हजार रुपए गायब मिला। इसके अलावा कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था घटिया होने से लगातार चोरी की वारदात हो रही है। इसके अलावा शराब दुकान में चोरी मामले में भी कोतवाली दुर्ग का हाथ खाली है। सुरक्षा व्यवस्था पुक्ता नहीं होने के कारण यहां चोरी लगातार बढ़ रहा है। वहीं दूसरी चोरी भिलाई तीन में हुआ है। सूरज नगर चरोदा निवासी वी. संतोष भारतीय थल सेना में सर्विस करता है। उसकी पोस्टिंग पुलगांव महाराष्ट्र में है। जहां अपनी पत्नि बच्चों के साथ रहता है। पिछले महीने अवकाश पर आया था। 24 नवंबर को मकान में ताला लगाकर काम पर गया था। 4 दिसंबर को उसकी मां ने घर में चोरी होने की जानकारी दी। 6 को घर वापस आकर देखा तो अलमारी रखा गया 13 हजार रुपए नकदी गायब मिला।

### खुर्सीपार हत्याकांड में आरोपी है फरार

**भिलाई।** मिनीमाता नगर वार्ड 46 खुर्सीपार निवासी लोकेश्वर बंजारे हत्याकांड मामले में पुलिस के हाथ खाली है। खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज ने बताया कि सीसी कैमरे में घर अजय यादव लोकेश्वर को ले जाते हुए दिख रहा है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी को पकड़ने के लिए पेट्रोलिंग, थाना और क्राइम ब्रांच की टीम पकड़ने में लगी हुई है। हत्या का कारण आरोपी के गिरफ्तारी के बाद ही पता चला पाएगा। पुलिस ने लोकेश्वर के दोस्तों से भी पूछताछ किया लेकिन कोई खास जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। अजय नामक युवक के साथ ही मृतक घटना की रात निकला था।

### पत्नी और बच्चों को भेजा गांव, लगा ली फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**भिलाई।** पत्नी और बच्चों को गांव भेजकर फांसी लगाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि एचएससीएल कॉलोनी स्टेशन मरोदा निवासी नोबल साहू 40 वर्ष श्रृंगार दुकान में काम करता था। तीन दिन से काम पर नहीं जा रहा था। घर में शराब पीकर पत्नी से विवाद किया। इसके बाद शनिवार को पत्नी और दो बच्चों को गांव भेज दिया। फिर घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी शिक्षिका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## दो चेनस्नेचिंग की वारदात, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ सुपेला और वैशालीनगर थाना क्षेत्र की घटना

■ आरोपी सीसीटीवी कैमरा में हुआ कैद



शहर में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चेनस्नेचिंग की वारदात हो गई। मामले में आरोपी फरार है। घटना में चेनस्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों का फूटेज सीसी कैमरे में कैद हो गया है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर थाना क्षेत्र में दिगंबर जैन मंदिर के पास वार्ड 20 निवासी वृद्ध महिला तारामणि जैन 72 वर्ष के साथ चेन स्नैचिंग की वारदात हुई है। घटना सुबह 6.30 बजे की है। तारामणि जैन मंदिर जा रही थी। इस दौरान बाइक में सवार होकर दो युवक पहुंचे और वकील का पता पूछने के बहाने तारामणि जैन के गले से चैन पार कर दिया। चेन लगभग दो तोला है। दूसरी घटना सुपेला के वार्ड 14 चंद्रनगर का है। सुमित्रा बाई अडमे 70 वर्ष घर से टहलने निकली थी। वृद्ध महिला के से गले का मंगल सूत्र छीनकर आरोपी फरार हो गए। घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार है। आरोपी पता पूछने के बहाने अपनी बातों में वृद्ध को उलझाया उसके बाद वारदात को अंजाम देकर भाग निकले।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## आयुक्त ने किया भेलवा तालाब नेहरू नगर का निरीक्षण

# भेलवा तालाब में लगेगा हाईमॉस्ट, सुधरेगी दशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निर्मित नेहरू नगर भेलवा तालाब का निरीक्षण करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय रविवार की अलसुबह पहुंच गए। वहां के लोगों से मिले वहां की व्यवस्था को देखें, देखकर के उन्होंने कहा यह बहुत ही खूबसूरत तालाब है। इसको अच्छे से मेंटेन करके और खूबसूरत बनाया जा सकता है। वहां पर सुबह-सुबह टहलने वाले लोगों से बात किया उन्हीं के साथ जाकर के हर एक क्षेत्र का निरीक्षण किया ।रोज सुबह टहलने वाले वाले इंडसट्रियलिस्ट सुभाष गुलाटी ने कहा अभी सफाई तो रोज हो रही है। झाड़ लग रहा है। लेकिन मेंटेनेंस, लाइट, तालाब के किनारे की दिवाली गिर गई है उसे बनाने की जरूरत है। शैलेंद्र सिंह परिहार ने बैठने के लिए कुर्सी लगवाने की बात की, डॉ ललित पोपट ने कहा एक हाई मास्ट लाइट लगा दिया जाए जिससे प्रकाश हो जाएगा । असामाजिक तत्व नहीं आ पाएंगे। आयुक्त ने सभी के सुझाव को ध्यान से सुनकर के जोन कमिश्नर अजय सिंह राजपूत को प्रस्ताव बनाने को कहा। शीघ्र अति शीघ्र प्रस्ताव बनवाने को कहा। तालाब के बीच में फवारा लगाने का भी सुझाव आया जिससे पानी रीसायकल होते रहे। उद्यान को खुलने और बंद करने का टाइम टेबल सेट करने के लिए, निर्धारित समय पर तालाब खुले और निर्धारित समय पर बंद हो। सबके सहयोग से हम इस तालाब को और सुंदर बनाएंगे इसको देखकर के मुझे खुशी हुई क्या अच्छी हरियाली है गुरुद्वारा है, मंदिर है, बढ़िया सरोवर है, बस देख अच्छे से देखभाल की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ वी के गोयल, नरेश खोसला, डॉक्टर नवीन कौरा, बसंत चौबे, तुलसी भमवानी, संजय भाटिया, प्रदीप डालमिया, सुबोध अग्रवाल, नरेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह ने अपने सुझाव दिए। सभी की बातों को सुनकर के आयुक्त ने यथासंभव निराकरण करने को कहा। यह भी बात उठी की शाम को पुलिस की पेट्रोलिंग हो जिससे सामाजिक तत्व पर नियंत्रण हो। कुछ लोग जानबूझकर नगर निगम के लाइट को तोड़ देते हैं। नगर निगम भिलाई के तरफ से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



# सिटी क्लब में 148 करोड़ की लागत से बनेगा सर्व सुविधायुक्त स्विमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

तैराकी में रूचि रखने वालों के लिए अच्छी खबर है। विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से दुर्ग में जल्द ही अत्याधुनिक स्विमिंग पुल बनने वाला है, जिसकी आज आधारशिला रखी गई। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में आयोजित भूमिपूजन में महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षदगण एवं कलेक्टर सुश्री ऋचाप्रकाश चौधरी सहित तैराकी तथा बैडमिंटन के खिलाड़ी उपस्थित रहे। लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, आज दुर्ग के सिटी क्लब में, शहर के पहले अत्याधुनिक इंडोर स्विमिंग पुल के निर्माण का भूमिपूजन किया। 148 लाख की लागत से बनने वाला यह पुल शहर के तैराकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आप सभी दुर्गवासियों का भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास से ही संभव हो सका है। दुर्ग के जनता के आशाओं के अनुरूप हम दिन प्रतिदिन दुर्ग में विकास के नए सोपान गढ़ रहे है। विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग में सभी क्षेत्रों के विकास करने हर मांग पर स्वीकृति मिल रही है। स्विमिंग पुल बन जाने से यहां से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तैराके खिलाड़ी यहां से निकलकर दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचाप्रकाश चौधरी ने मौके पर उपस्थित इंजिनियर टीम को निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुल के तैयार होने पर शहर के नागरिक आकर स्विमिंग कर सकेंगे। यहां पर स्विमिंग सीखने के साथ-साथ स्विमिंग के टूर्नामेंट भी हो सकेगा। लोगों के लिए यहां स्विमिंग सीखने के लिए अच्छी जगह के रूप में विकसित किया जाएगा। भूमिपूजन में एसडीएम हरिवंश मिरी, दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजकुमार नारायणी, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, शिवेंद्र परिहार, शेखर चंद्राकर, कुलेश्वर साहू, उमेश यादव, भोला महोबिया, अशोक राठी, सोनू हजारे, बंटी चौहान, दिनेश नलोडे, बैडमिंटन व तैराकी के खिलाड़ी तथा शहर के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्विमिंग पूल के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन, शामिल हुए जनप्रतिनिधि

### गार्डन और कैंटीन की सुविधा भी मिलेगी

148 लाख की लागत से 7900 स्क्वायर फिट में नये बनने वाले स्विमिंग पुल में वॉटर फ़्लिट्रेशन मशीन होगा जिससे पुल का पानी स्वच्छ रहे। सिटी क्लब परिसर में महिला एवं पुरुष के लिए अलग अलग चेंजिंग रूम होगा। इंजिनियर ने बताया की महिला, पुरुष व बच्चों को ध्यान में रखते स्विमिंग पुल का डिज़ाइन तैयार किया गया है ताकी सहजता से तैराक का अभ्यास किया जा सके। इसके साथ ही परिसर में कैंटीन की सुविधा, फूल और सजावटी पौधों से सुसज्जित गार्डन तैयार किया जाएगा ताकि खेल सम्बंधित आयोजन हो सके।



### खेल प्रेमियों ने रखी थी मांगें

विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से शहर में सर्वसुविधायुक्त स्विमिंग पुल का निर्माण किया जाएगा। लंबे समय शहर के तैराक के खिलाड़ी इसकी मांग कर रहे थे। विधायक ने खिलाड़ियों की मांग को संज्ञान में लिए और विभागीय अधिकारीयों को ड्राइंग डिजाइन तैयार कर इस्टीमेट शासन को भेजे थे जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद आज भूमिपूजन किया गया। स्टेशन रोड गायत्री मंदिर वार्ड 25 में दुर्ग शहर बनने वाला यह पहला अत्याधुनिक स्विमिंग पुल पूरी तरह से इंडोर होगा। जिसमे बारिश व धूल से बचाने पूरा एरिया रौशनी से पारदर्शी शेड रहेगा।

## खबर संक्षेप



### शिविर में प्रतिभा व सेवा भावना का किया प्रदर्शन

अंडा। शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत हिर्री में सात दिवसीय शिविर को आयोजन किया गया। समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम स्वच्छता ही सेवा, मेरा युवा भारत, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा इस विषय पर स्वयंसेवक द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवक ने विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और सेवा भावना का प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ईश्वर साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र साजा ने प्रतिभागियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को समझने और निभाने का अवसर प्रदान करता है साथी उन्होंने एक कहानी के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा है इस बात को समझाया। इसी प्रकार शिविर न केवल सेवा भावना को प्रस्तुत करते हैं बल्कि नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता को भी विकसित करते हैं शिविर के दौरान गतिविधियां आयोजित की गई।

### पशु सखियों के प्रशिक्षण का समापन

दुर्ग। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बीजापुर जिले के 35 पशु सखी एवं किसानों को मुर्गीपालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ आरआरबी सिंह, विशिष्ट, अतिथि मुख्यकार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ पशुधन विकास अभिकरण डॉ लक्ष्मी अजगले, अतिरिक्त संचालक एवं अधिष्ठाता डॉ संजय शाक्य, प्रोग्राम को ऑर्डिनेटर डॉ व्हीएन खूण, प्रशिक्षण आयोजक डॉ रामचंद्र रामटेके सहित प्राध्यापकगणों की उपस्थिति में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में सम्पन्न हुआ। इसमें बीजापुर जिले के 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

## सुविधा : अब गांव में भी सरकारी योजनाओं की सेंटर से लगा सकेंगे अर्जियां

# जिले के 87 सोसायटियों में मिलेगी च्वाइस सेंटर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधीन आने वाले 87 सोसायटियों में अब जल्द ही कामन सर्विस सेंटर की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए जल्द ही सोसायटियों की आईडी जनरेट कर सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस सुविधा के शुरू होने से अब गांव में ही लोगों को सुविधा मिल जाएगी।

उल्लेखनीय है कि, जिले के ग्रामीण इलाको में च्वाइस सेंटर की सुविधा नही होने से लोगों को मुख्यालय तक दौड लगानी पडती हैं। सबसे खासबात यह है कि, यह सुविधा सोसायटियों में शुरू की जाएगी, जिससे हर ग्रामीण के पहुंच में यह सेवाएं होगी। माना जा रहा है कि, सहकारिता मंत्रालय द्वारा आगामी दिनों कई योजनाएं सोसायटियों के जरिए संचालित की जाएगी। इसी के तहत सोसायटियों में च्वाइस सेंटर शुरू करने की पहल की जा रही हैं। ई डिस्ट्रिक्ट प्रभारी श्रुति अग्रवाल ने बताया कि, सोसायटी के कर्मचारियों द्वारा की इसका संचालन किया जाएगा। जल्द ही इसके लिए उन्हें आईडी जनरेट कराई जाएगी।

### आयुष्मान कार्ड बनाने और आधार कार्ड की भी मिलेगी सुविधा



### मिलेगी 42 तरह की सेवाएं

सेवा सहकारी समितियों में सीएससी के जरिए 42 तरह की सेवाएं गांव में मिलेगी। इसमें बिजली बिल पटाने, केसीसी कार्ड बनाने, पैन कार्ड, बीमा नवीनीकरण, पीएम किसान, मोबाइल रिचार्ज, रेल्वे टिकट, एलपीजी, जनरल इंश्यारेंस, डीटीएच, पासपोर्ट सर्विस, फास्टटैग सहित आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व सभी प्रकार के गाडियों के इंश्योरेन्स की सुविधा भी मिलेगी। बकायदा जिले के सभी सोसायटियों में इस योजना से संबंधित जानकारियां बोर्ड में चस्पा किया गया हैं।

### सीईओ ने ली समिति प्रबंधकों से जानकारी

प्रधान कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चन्द्राकर ने जिले के 87 सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रकबा समर्पण के संबंध में तथा समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन लेन-देन करने निर्देशित किया गया। सहकारी से समृद्धि के तहत जिला प्रशासन से कॉमन सर्विस सेंटर के डिट्रिक्ट मैनेजर अवधेश साहू के द्वारा समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्रेशन करने प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा किसानों को सुविधाएं प्रदान करने निर्देशित किया गया।

### कई योजना शुरू किए जाने की तैयारियां

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा सोसायटियों के स्तर पर कई स्कीम शुरू किए जाने की तैयारी कर रही हैं। विगत दिनों केन्द्र सरकार द्वारा सोसायटियों के जरिए दूध वितरण की घोषणा की थी। हांलाकि अभी यह जमीनी स्तर पर लागू नही हुई हैं। उल्लेखनीय है कि, इसके पहले राशन दुकानों में कापियां सस्ते दर पर उपलब्ध कराई जाती थी। माना जा रहा है कि, इसी तरह की अन्य सुविधा केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की जाएगी।

**देंगे आईडी** — जिले के 87 सोसायटियों में सीएससी शुरू किए जाने की तैयारी हैं। सोसायटी बाडी द्वारा ही इसका संचालन किया जाएगा। जल्द ही आईडी जारी की जाएगी। -**श्रुति अग्रवाल,** प्रभारी, ई डिस्ट्रिक्ट दुर्ग

## भरतनाट्यम स्पर्धा में शामिल हुए महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ राष्ट्रीय स्तर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कौशिकी 2024 अपनी भव्यता और विशिष्टता के लिए चर्चा का केंद्र बना। इस कार्यक्रम का आयोजन भरतनाट्यम नृत्य शिरोमणी खुशी जैन और कत्थक सिंगरमणि डॉ. चंदन सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल और डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह उपस्थित थे।

भरतनाट्यम की ख्यात कलाकार खुशी जैन पिछले 25 वर्षों से नृत्य की साधना कर रही हैं और 12 वर्षों से प्रशिक्षण दे रही हैं। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय और साइंस कॉलेज में शिक्षिका के रूप में भी कार्य किया है और वर्तमान में दूरदर्शन रायपुर में भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय ख्याति के नर्तक कत्थक के विद्वान डॉ. चंदन सिंह ने खैरागढ़ से अपनी शिक्षा पूर्ण की है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रस्तुति दी है। उन्हें सिंगरमणि सम्मान" से सम्मानित किया गया है। डॉ. सिंह ने अपने नृत्य प्रशिक्षण से अनेक शिष्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

कार्यक्रम में लगभग 200-250 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में एस. ममता राव, अंकिता सोनी, स्वाति मानकर और भारती ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों और आयोजकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रमुख सहयोगियों में मदरसा बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गौरव उमरे, डॉ. तनिष्क जैन, श्रेयस सिंघई, स्नेहा सोनी, सुमन महतो, तृष्णा, कुहू, सीमा भाटिया, जयंतिक राव, नंदिनी कुमारी, गरिमा सिंह, नंदिका, गुंजन महतो, कुणाल देवांगन, सान्वी अग्रवाल, ऋषिका थिटे, गौरव तुर्काने और रश्मि किरण लकड़ा शामिल हैं। कौशिकी 2024 ने न केवल बच्चों को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया बल्कि दर्शकों को भी भारतीय नृत्य कला की समृद्ध परंपरा से रूबरू कराया।

## समूह की महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ स्वास्थ्य परीक्षण कर उपलब्ध कराई गई दवाइयां

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद द्वारा दुर्ग जिला एवं विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत गोबरा, नंदवाय नंदनी खुदनी में विश्व शौचालय दिवस हमारा शौचालय हमारा समान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर जांच कार्यक्रम मे उपस्थित



हुए और सेग्रिगेशन शेड सामुदायिक शौचालय जनपद पंचायत धमधा में सोखता गड्ढा, व्यक्तिगत शौचालय, घरेलू किचन गार्डन का निरीक्षण किया गया। स्वछताग्राही समूह की दीदीयो से चर्चा की तथा सूखे एवं गीले कचरे का पृथककरण घरेलू स्तर में करने और लोगों को घर-घर से सिर्फ सूखा कचरा ही ले गीला कचरा को अपनी घर के गुरवा में डिस्पोज करने और युजर चार्ज हेतु प्रोत्साहित किया। अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में रिकॉर्ड मेंटेन करने भी निर्देशित किया। ओडीएफ प्लस मॉडल को बनाये रखने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत धमधा मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कोशिक, सरपंच सचिव ग्रामीण समूह उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं द्वारा स्वच्छता आधारित नाटक व सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 1233 महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर के दौरान स्वच्छाग्रही महिलाओं को शाल श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया एवं स्वच्छता शपथ ली गई। शिविर मे तारेन देशमुख, आशीष राजपूत, श्रीमती पूजा साहू, डॉक्टर की टीम द्वारा स्वछाग्राहियो का स्वस्थ्य जाँच किया गया। इसके आलावा 44 उपस्वास्थ्य केंद्र, 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 सिविल अस्पताल 50 बिस्तर नगपुरा मे 59 केंद्र मे 832 स्वछाग्राहियों ने स्वास्थ्य जाँच कराया। जिसमे बीपीए शुगर, सर्दी बुखार एवम अन्य बिमारियों के मरीज शामिल हैं।सरस्वती दीदी, स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण चेकअप कर दवाई उपलब्ध कराई गई।

## समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों की बैठक संपन्न

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चन्द्राकर नेजिले के 87 सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों एवं कम्पयूटर ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रकबा



समर्पण के संबंध में तथा समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन लेन-देन करने निर्देशित किया गया। सहकारी से समृद्धि के तहत जिला प्रशासन से कॉमन सर्विस सेंटर के डिट्रिक्ट मैनेजर अवधेश साहू द्वारा समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा किसानों को सुविधाएं प्रदान करने निर्देशित किया गया। बैठक में प्रधान कार्यालय दुर्ग के हदेश शर्मा विपणन अधिकारी, श्रीमती रीना साहू पर्यवेक्षक फिल्ड कक्ष उपस्थित रहें।






## 9 से 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

# परीक्षा के बीच उपलब्धियों का करेंगे बखान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सरकारी विभागों के अलावा स्कूलों में होगा आयोजन

13 दिसम्बर को राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी विभागों द्वारा 9 से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सरकारी विभागों के आलावा सरकारी स्कूलों में भी बच्चों से विविध आयोजन कराने के निर्देश दिए है। जबकि आगामी दिनों छैमाही की परीक्षा होनी है। पहले ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव के चलते पढाई प्रभावित हुई हैं, वही आगे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी हैं। ऐसे में स्कूली बच्चे सहित शिक्षक भी परेशान हैं।

सरकार की जनहितकारी योजनाओं, आगामी कार्ययोजनाओं, विजन के संबंध में प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन, क्रियान्वयन की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध कराने विभागवार दायित्व सौपे गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को प्रस्तावित गतिविधि-एक साल की उपलब्धियों पर क्वीज, सुशासन पर पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टकार्ड लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) रंगोली प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) की गतिविधियों स्कूलों में कराई जाएगी। वहीं उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग को जिला मुख्यालय पर सायकल रैली, सुशासन पर संगोष्ठी (प्रत्येक महाविद्यालय में), वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक (एनसीसी, एनएसएस)।



### गौ पूजन से लेकर पौधारोपण के निर्देश

वनमण्डलाधिकारी, वनमंडल दुर्ग को वन सुरक्षा समितियों का सम्मेलन,



वृक्षारोपण और उप संचालक पशुचिकित्सा एवं सेवायें दुर्ग को गौ-पूजन कार्यक्रम। नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा दुर्ग, नोडल अधिकारी तकनीकी शिक्षा दुर्ग सहायक संचालक कौशल विकास दुर्ग को- सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, आई.आई.टी. आदि में सुशासन पर वाद-विवाद संगोष्ठी का आयोजन, आईटीआई, व्हीटीपी व लाईवलीहुड कॉलेजों में सुशासन पर कार्यक्रमों का आयोजन। जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल सफाई अभियान हेतु श्रमदान, संगोष्ठी कराएंगें।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ में रहेगी ओम नमो भगवते वासुदेवाय की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग ब्लॉक के निकुम में जय शक्ति आश्रम राजलक्ष्मी मंदिर में आयोजित वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ की तैयारी में श्रद्धालु जुट गए हैं। एक जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित इस महायज्ञ में आश्रम के संत श्रीमाता जी विशेष अनुष्ठान संपन्न करवाएंगे। इस महायज्ञ को सफल बनाने में न केवल श्रद्धालु बल्कि पूरे ग्रामीणजन अपनी सहभागिता देने संतश्री माताजी के आश्रम पहुंच रहे हैं। हर कोई इस महायज्ञ में अपनी सेवाओं के माध्यम से भगवान श्रीहरि विष्णु व माता लक्ष्मी का कृपा प्राप्त करना चाहते हैं। इस महायज्ञ में पूरे 26 दिन मूल मंत्र- ओम नमो भगवते वासुदेवाय की गूंज होगी। इस मंत्र की महत्व सहित इसके पुण्यलाभ पर संतश्री माताजी ने विस्तार से प्रकाश डाला।

## जयश्री आश्रम निकुम में एक जनवरी से 26 जनवरी तक चलेगा महायज्ञ

### मूल मंत्र- ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का महत्व

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्रीमाता जी बतातें हैं कि राजसूय महायज्ञ का मूल मंत्र है ॐ नमो भगवते वासुदेवाय। यह एक मुक्ति मंत्र के रूप में जाना जाता है। भगवान विष्णु को यह समर्पित है। हिंदू धर्म में भगवान श्रीकृष्ण को भगवान विष्णु को अवतार माना गया है। हिंदू धर्म के अनुसार इस मंत्र का नियमित रूप से जाप करने से जीवन की विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं और मनोकामना पूर्ण होती है।

### ओम शब्द करता है ब्रम्ह का प्रतिनिधित्वः संत श्रीमाताजी

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्रीमाता जी बतातें हैं कि ओम नमो भगवते वासुदेवाय का अर्थ है 'ओम , मैं भगवान वासुदेव या भगवान विष्णु को प्रणाम करता हूं'। ओम शब्द ब्रह्म का प्रतिनिधित्व करता है । अभिवादन, पूजा, भारतीय उपमहाद्वीप से उत्पन्न एक सामान्य बोली जाने वाली विदाई या अभिवादन । 'नमो' नमो 'नमस' का संधि रूप है। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय" मंत्र साधक को भगवान के निकट लाता है, जिससे उसकी आध्यात्मिक यात्रा में उन्नति होती है। यह मंत्र साधक के भीतर भक्ति और समर्पण की भावना को गहरा करता है।



### प्रकृति को भी नियंत्रित करता है मंत्र

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्रीमाता जी बतातें हैं कि यह मंत्र प्रकृति तक को नियंत्रित करने में पूरा सक्षम है। यही वह मंत्र है जो होनी को अनहोनी और अनहोनी को होनी बना सकता है। यह मंत्र जो जप लेता है वह सब कुछ पा लेता है। इसका फल अन्य मंत्रो से देर से मिलता है अर्थात अधिक संखया मे जपने से मिलता है।

### सभी बाधाओं से मिल जाती है मुक्ति

वचनामृत संजीवनी राजसूय महायज्ञ के आयोजक संत श्रीमाता जी बतातें हैं कि राजसूय महायज्ञ का मूल मंत्र के जाप से सर्वकल्याण होता है। इस मंत्र का जाप करने से जहां मनुष्य को सर्वबाधाओं से मुक्ति मिल जाती है, वहीं सुख और समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने आगे बताया कि जो भी भक्त भाव से भगवान भजन करते हैं, उनका बेड़ा इस भवसागर से पार हो जाता है। आध्यात्मिक शुद्धि भी होती है। 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः' का जप करने का सबसे गहरा लाभ यह है कि यह दिल और दिमाग में शुद्धि लाता है। एक मजबूत सफाई शक्ति के रूप में कार्य करते हुए, यह नकारात्मकता को दूर करके हमारे दिमाग को साफ करता है जो हमारे निर्णय को धूमिल करती है और हमारे विकास में बाधा डालती है। क्रमशः

### कविता वासनिक की होगी अनुराग धारा प्रस्तुति

राजसूय महायज्ञ के विराम के बाद 26 जनवरी 2025 रविवार को



अनुरागधारा राजनांदगांव का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त लोकगायिका कविता वासनिक की टीम पेश करेगी। शाम 4.50 बजे से रात 11 बजे तक यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेगा।



## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी बनी प्रदेश महामंत्री

भिलाई। लोधी समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री के पद पर वार्ड 11 टाटा लाईन कोहका निवासी लक्ष्मी जंघेल को नियुक्त



किया गया है। यह नियुक्ति समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा की अनुशंसा पर लोधी समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल ने की है। इस दौरान श्रीमती जंघेल ने कहा कि प्रदेश संगठन लोधी समाज, छत्तीसगढ़ के द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करूंगी। महिला प्रदेश संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रदेश संगठन के द्वारा दिए गए दायित्व को समय-समय पर पूर्ण करूंगी। उन्होंने प्रदेश लोधी समाज को हृदय से आभार जताया है। लक्ष्मी जंघेल 2010 में अवंती बाई लोधी समाज कोहका से जुड़ी और महासचिव के पद मिला जिसे बखूबी से निर्वहन किया। लक्ष्मी जंघेल वर्तमान में व्यापारी संघ कोहका के सचिव भी है।

### पटेवा में शिव महापुराण हुआ शुरू

धमधा। ग्राम पटेवा मां शीतला मंदिर प्रांगण में कथावाचक पंडित



नंदनीलाल रिखेश्वर महाराज का शिव महापुराण 6 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है। कथा आयोजक डीलेश्वर देवांगन ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चल रहा है।

## सेलूद में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# प्रदेश की जनता सरकार की अदूरदर्शिता के चलते महंगाई से है त्रस्तः पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

ग्राम पंचायत सेलूद के द्वारा कराये गये विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन बाजार चौक सेलूद में माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। छोटे बच्चों द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई से त्रस्त है और सरकार अपने में ही मस्त है। किसान धान के टोकन के लिए परेशान हो रहे हैं। समिति के कर्मचारी धान उठाव नहीं होने से परेशान है। टमाटर के सीजन में टमाटर सरकार के अदूरदर्शिता के चक्कर में जनता 40 से 50 रुपये में खरीद रहे हैं क्योंकि हमारी सरकार में टमाटर सहित अन्य फसल लेने वाले उत्पादक किसानों को दस हजार की सब्सिडी मिलने से किसान उस खेत में टमाटर उगाते थे, लेकिन अब टमाटर सहित अन्य फसलों में सब्सिडी नहीं मिलने से किसान उन खेतों पर धान की फसल ले रहे हैं और टमाटर का रकबा कम होने से टमाटर का उत्पादन कम हो गया और टमाटर मंहगे हो गये हैं। उन्होंने ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं को कम करने का कोई हल नहीं निकाल पा रही बल्कि जनता को महंगाई के दलदल में ले जा रही है । आत्मानंद स्कूल में गरीब परिवार के बच्चे निःशुल्क पढते हैं जो कलेक्टर के अधीन था उसे शिक्षा विभाग के अधिन कर दिया गया। अब स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर हो गया। चाक, डस्टर, बिजली बिल व काम करने वाले सफाई कर्मचारी के लिए पैसे नहीं हैं। गांव की महिलाओं को जो समूह के माध्यम से काम करती थी उसे बंद कर उसे भी आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है । पाटन ब्लाक के सभी गांवों में हमारे कार्यकाल में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराये गये हैं। हमारी सरकार ने सुराजी गाँव के सपने को पुरा करने का पुरा प्रयास किया गया था । पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने ग्राम सेलूद की जनता की ओर विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं ग्राम पंचायत सेलूद की सरपंच ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र साहू सचिव ने किया व प्रतिवेदन वाचन हुपेन्द्र साहू ने किया। इस मौके पर अपेक्स बैंक के डायरेक्टर राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, खेमिन साहू, खिलेश मारकंडे, रवि पटेल, जागोत्री साहू, भागवत बंछोर, चंचल यादव, संजय यदु, रुपराम साहू, मन्नु लाल यदु, त्रिभुवन यदु, विष्णु वर्मा, कार्तिक वर्मा, राकेश साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### किसान धान बेचने टोकन के लिए परेशान हो रहे



### सेलूद में विधायक बघेल ने इन कार्यों के लिए दिए सौगात

सेलूद में विधायक बघेल ने ये कार्य किए जिसमें प्रमुख रूप से भाठापारा स्थित गौठान में 20 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल निर्माण, स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिये अतिरिक्त कक्ष हेतु 29 लाख, मुख्य मार्ग बाजार चौक से शम्भू बंछोर घर तक सीसी रोड निर्माण लागत राशि 30 लाख 64 हजार, विधायक निधि से एनके तिवारी के घर से कार्तिक वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण लागत राशि 5 लाख 20 हजार, पटेल चौक मे चैनसिंह के घर से द्वारिका ठाकुर के घर तक सीसी रोड, नाली निर्माण अरुण ठाकुर के घर से योगेश तिवारी के घर तक सीसी रोड निर्माण, जल संसाधन भवन रेस्ट हाउस में 35 लाख से जीर्णोधार, साहू समाज कर्मा भवन में शेड निर्माण आदि कार्यों का लोकार्पण किया गया।

### गोड समाज का भी भवन बनेगा

आदिवासी (गोड) समाज के मुखिया संगीता ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री को जानकारी दिया गया कि पूर्व में समाज के लिए भवन निर्माण की राशि 15 लाख की घोषणा व भूमिपूजन कर दिया गया था, लेकिन सरकार बदलते ही उसे रदद् कर दिया गया है इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राशि कम हो सकती है लेकिन आदिवासी समाज का भवन निर्माण कराया जायेगा।

## अंचल की खबरें

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज की हुई बैठक



उतई। नगर के शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड उतई में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज अधिवेशन उतई में 25 दिसंबर को होने वाले के अधिवेशन के मुख्य अतिथि छग शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पाटन अधिवेशन की तैयारी बैठक उतई नगर के कुर्मी भवन में रखी गई थी। जिसमें समाज के प्रमुखजनों को मंच व्यवस्था, स्वागत, भोजन व्यवस्था के लिए टीम का गठन किया गया। इस दौरान पाटन राज के प्रमुख युगल किशोर आडिल, राजमंत्री केदार कश्यप, नगर अध्यक्ष मोरध्वज वर्मा, सचिव हितेश वर्मा, समाज के प्रबुद्ध जन मुकेश वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित थे।

### विभिन्न विकास कार्यों की रखी आधारशिला



भिलाई। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदा खुर्द में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर और गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद सम्मिलित हुए। अतिथियों ने विधिवतपूजा अर्चना कर भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर सभी ग्रामवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित किये। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार एक सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जनकल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग का विकास हो रहा है। इस अवसर पर सोना देवी अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, निर्मला साहू सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही, हेमंत साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गुण्डरदेही, कमलकांत सिंह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत भरदा खुर्द, राजकुमारी साहू सरपंच, दशरथ साहू उप सरपंच आदि उपस्थित थे।

### अग्निवीर जवान कौशल का किया स्वागत



उतई। ग्राम मचांदुर में प्रथम अग्निवीर जवान कौशल निषाद ट्रेनिंग पश्चात गांव वापस आने पर उनका ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेंद्र साहू, भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण यदु, तुकाराम साहू, भाजयुमों महामंत्री डिलेश साहू ने उन्हें बधाई देते कहा यह हमारे गांव के लिए गौरव की बात है मां भारती के सेवा के लिए प्रत्येक नव युवा इनसे प्रेरित हो और अग्निवीर की ओर अग्रसर हो। इस अवसर पर अग्निवीर की माता पूर्व जनपद सदस्य नेहा निषाद, पिता डिलेश निषाद, तरुण साहू, गीतूराज, धर्मेंद्र साहू, नितेश साहू, खिलेंद्र साहू, यश साहू, धनराज गोस्वामी, धर्मेश साहू आदि ने स्वागत किया।

### कांग्रेस के लोग बंटे, बिखरे और नाराज हैंः ललित

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कांग्रेस की हुई समीक्षा बैठक में कहा है कि कांग्रेस समीक्षा करके कोई सबक नहीं लेती, इसीलिए लगातार उसकी दुर्गति हो रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद हार की समीक्षा के लिए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली के नेतृत्व में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। अब रायपुर दक्षिण के चुनाव में कांग्रेस की बड़ी हार के लिए भी क्या कांग्रेस कोई कमेटी बनाएगी? श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के लोग बंटे हैं, बिखरे हैं और नाराज हैं और यह बात स्वयं कांग्रेस नेता पूर्व उप



मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी कही है कि भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है और जिस प्रकार से वह कार्य करती है, उस तक पहुंचने में हमें 25 साल लगेंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस कितना भी ईवीएम पर आरोप लगा ले। पिछले समय उन्होंने धांधली करके अप्रत्यक्ष चुनाव से जरूर विजय प्राप्त की थी परंतु इस बार प्रत्यक्ष चुनाव होने से नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनता पुनः भाजपा पर भरोसा जताएगी। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपनी लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस हर मुद्दे पर मुँह की खाने के बाद अब धान खरीदी पर झूठ फैलाने में लगी है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के नेता जिस तरह अनर्गल प्रलाप करके धान खरीदी की समूची प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं, वह कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही है।


## बिजनेस साइट

### बदलाव प्रकृति का नियम है, बदलाव जरूरी हैः नितिन पण्ड्या

भिलाई। दोनो वाक्य 21वीं सदी की डिजाइन इंडस्ट्री के संदर्भ में कहे गये हैं और 100 प्रतिशत सत्य भी है। जैसे बदलाव जरूरी है वैसे ही डिजाइन भी जरूरी है। किसी भी उत्पाद में समय की मांग के अनुसार न तो ज्यादा कुछ खास बनता या जुड़ता है और न ही बिगड़ता या कम होता है। यानि जो परिवर्तन आता है डिजाइन में वो वास्तविक डिजाइन में कुछ नया जोड़ा गया या कुछ अन आवश्यक तोड़ा या हटा दिया जाता है। लगभग 50 से 60 प्रतिशत वास्तविक डिजाइन तो वही रहता है और 50 से 40 प्रतिशत ही परिवर्तित होता रहता है। लेकिन यह हमेशा ध्यान रखिये कि 21वीं सदी में डिजाइन मतलब किसी भी चीज या उत्पाद के आकार, संरचना, रंग, सामग्री या पदार्थ आदि में परिवर्तन करना जिससे की उस वस्तु, चीज या उत्पाद की उपयोगिता या गुणवत्ता में बदलाव हो। इसलिये न तो हम बदलाव को रोक सकते हैं और न ही डिजाइन इंडस्ट्री के दिन-प्रतिदिन निरंतर बढ़ते विस्तार को। अब टेक्नीकल या नान टेक्नीकल कोई भी क्षेत्र हो वो डिजाइन से अछुता नहीं रहा। अगले तीन दशक तक डिजाइन की शिक्षा या प्रशिक्षण हर एक क्षेत्र में अनिवार्य होगी। कैड एकेडमी समूह भिलाई, दुर्ग,



रायपुर के डायरेक्टर नितिन पण्ड्या ने आज के युवा वर्ग से अनुरोध किया है कि वो जल्द से जल्द अपने निकटतम अधिकृत टेक्नीकल डिजाइन ट्रेनिंग सेंटर से संपर्क कर के इस अतिआवश्यक स्किल को सीखें, नये-नये प्रयोग करें, अपना अनुभव इस कार्य क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बढ़ायें और बाजार की भविष्य में बढ़ती हुई पेशेवर डिजाइनर्स की मांग को पूरा करने की कोशिश करें। इस इंडस्ट्री में न्यूनतम वेतनमान की सीमा है पर उच्चतम वेतनमान की नहीं। डिजाइन क्षेत्र की और अधिक जानकारी के लिये मिले या संपर्क करें-कैड एकेडमी समूह की छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित भिलाई, दुर्ग, रायपुर के छह प्रशिक्षण केन्द्रों में से किसी पर भी संपर्क करें।

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

भिलाई। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।





### रानीतराई क्षेत्र में चल रहा बेधड़क लाखों का सट्टा, पुलिस प्रशासन मौन

पाटन। कभी चोरी-छीपे चलने वाला सट्टा बाजार आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से खाईवाल के संरक्षण में खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपन, क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है उससे यही प्रतीत होता है कि प्रमुख खाईवाल को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। रानीतराई थाना क्षेत्र के असोगा, घोरारी, ओसर, करेला सहित अन्य क्षेत्रों में खुलेआम पट्टांगी काटकर एवं मोबाइल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं। जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है। सट्टा के हिसाब-किताब की जगह बार-बार बदल कर प्रमुख खाईवाल अपनी होशियारी का भी परिचय देने की कोशिश करते हैं और गांव के युवा इस अवैध कार्यों मे लिप्त हो रहे हैं। इस पर रानीतराई पुलिस मौन साधे हुए हैं। बताया जाता है कि खाई वाले लाला हो रही है और सट्टे खेलने वालो दिन बा दिन गरीब होते जा रहे हैं। इस सट्टा के आदि स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने लिखने को छोड़ कर सट्टे के गेम में लिप्त होते जा रहें हैं लेकिन इस सट्टे में व्यापारी किसान भी सट्टे की आदि बना रही है। खाई वाले पैसा बैग में लेकर घूमते हैं लेकिन कानून के रखवाले का कोई भय तक नहीं है। रानीतराई पुलिस की सुस्त रवैये के चलते इस प्रकार के कार्यों को अंजाम देने वालों को क़ानून का कोई भय नहीं हैं। अवैध कारोबार रानीतराई क्षेत्र ने बढ़ता ही जा रहा हैं लेकिन पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही हैं जो की समझ से परे हुए हैं। वहीं प्रकाशकांत थाना प्रभारी रानीतराई ने कहाँ की इस प्रकार की शिकायत नहीं आई हैं यह सेंसेटिव मामला हैं शिकायत आने पर अवश्य कार्रवाई किया जायेगा।

### अग्निवीर जागेश्वर के गांव पहुंचने पर किया स्वागत



धमधा। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवरी के अग्निवीर युवा जागेश्वर साहू पिता भंवरलाल साहू अपनी 7 माह के ट्रेनिंग पूर्ण कर गांव देवरी पहुंचे। उनके गांव पहुंचने पर क्षेत्र के सभी युवाओं पवन सिंह राजपूत, हितेश निषाद, युवराज साहू, रितिक राजपूत, वास्कृत साहू एवं युवा साथीगण के तत्वावधान में भव्य स्वागत किया गया। जागेश्वर साहू को 2 दिन पहले ही आर्मी ट्रेनिंग सेंटर गोलकुंडा हैदराबाद में गौरव पदक से सम्मानित किया गया था।देवरी भरनी चौक पर बाजे गाजे के साथ गुलाल लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

### साइबर सुरक्षा के उपायों को रंगोली बनाकर किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय पाटन मे प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन मे कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्व कम्प्यूटर सारक्षता दिवस मनाया गया। वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस आयोजन के तहत रंगोली प्रतियोगिता क्विज़ प्रतियोगिता और पोस्टर प्रेजेंटेशन गतिविधियां रखी गईं। इन सभी का मुख्य विषय साइबर सुरक्षा था। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य कंप्यूटर और इंटरनेट के उपयोग में जागरूकता बढ़ाने और साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाने पर केंद्रित था। प्रतिभागियों ने रंगोली और पोस्टरों के माध्यम से रचनात्मक रूप से साइबर सुरक्षा के संदेश को व्यक्त किया, जबकि क्विज़ प्रतियोगिता में साइबर सुरक्षा से संबंधित ज्ञान को परखा गया। इस कार्यक्रम ने डिजिटल युग में सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता पश्चात व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा मैडम के द्वारा माँ सरस्वती की पुजा कर किया गया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।



■ पाटन कालेज मे विश्व कम्प्यूटर सारक्षता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने कंप्यूटर साक्षरता दिवस के महत्व को बताते हुए कहा की वर्तमान युग कम्प्युटर व डिजिटल का युग है। डिजिटल की दुनिया मे साइबर अपराध लगातार बढ़ना चिंताजनक है इससे सतर्क होना आवश्यक है, डिजिटल युग में साक्षरता का अर्थ केवल कंप्यूटर चलाना जानना नहीं है, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदारी से उसका उपयोग करना भी है।

## खबर संक्षेप

### नगर सेवाएं में सीनियर मैनेजर राय का बदला दायित्व

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में सीनियर मैनेजर(हाउसिंग एवं रेवेन्यू ) के पद पर कार्यरत केएन राय के दायित्व में परिवर्तन किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) के आदेशानुसार श्री राय को वरिष्ठ प्रबंधक हाउसिंग व रेवेन्यू से हटाकर नए सीनियर मैनेजर अनुभाग आडिट की नई जिम्मेदारी दी गई है।

### राज्य स्तरीय कला उत्सव में आत्मानंद स्कूल प्रथम

**भिलाई।** राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में सम्पन्न हुआ। राज्य भर के विभिन्न स्कूलों से आये प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाहंदा ने रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में नाट्य विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। प्राचार्य जेपी पी पाण्डेय ने बताया कि नाटक का शीर्षक 'छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राधाबाई' है। डॉ. राधाबाई के आजादी की लड़ाई में दिए गये योगदान को रेखांकित करना था। नाटक का निर्देशन एवं पटकथा डॉ. सरिता साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धौराभांठा पाटन का है। नाटक में दुनिका साहू, जान्हवी साहू, अंजली धुर्वे, किरण सिंगौर, आरती यादव ने भूमिका निभाई ।

### हाउस लीज संघर्ष समिति ने किया निंदा प्रस्ताव पारित

**भिलाई।** हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने जारी मेल में बताया कि हाउस लीज समिति की बैठक सेक्टर 2 में हुई । वक्ताओं ने पुनः प्रवर्तन विभाग की मनमानी एवं गैर विधिक तरीके से बेदखली अभियान के दौरान रिसाली की घटना की निंदा की। इसी सिलसिले में आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकला ताराम से प्रवर्तन विभाग के एक कर्मचारी के नेतृत्व में उनसे मारपीट आपत्तिजनक टिपण्णी की बात पर आक्रोश फैला तब पदाधिकारी ने बताया कि कलेक्टर को 1 दिन पूर्व ही आवेदन देकर प्रवर्तन विभाग के उक्त कर्मचारी के बारे में अवगत करा दिया गया था । इनमें एक महिला के रिसाली सेक्टर के आवास में पहुंच कर घर में घुसकर गैर विधिक तरीके से हरकत करने लगे। वहां उपस्थित चंद्रकला ताराम ने वैधानिक तरीके से कार्य करने की बात कही तो उनके विरुद्ध घटना घटित की गई । उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की है । समिति ने निर्णय लिया कि उच्च पुलिस प्रशासन से जल्द शिकायत की जाएगी । बैठक में आयोजित महाबैठका में पूर्व तथा वर्तमान जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया । बैठक में पीआरवर्मा, पी.सी.शर्मा, टीकम वर्मा, राजेंद्र शर्मा, हरेंद्र पांडे, रमेश पाल, सुरेंद्र मोहंती, बेदन लाल गेंद्रे, उमा सिंह, चंद्रकला ताराम, अनंत, आर्यन तिवारी आदि उपस्थित थे।

### मरोदा गेट पर किया जा रहा पार्किंग स्थल का निर्माण

**भिलाई।** मरोदा गेट में शिफ्ट के समय दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही के कारण जाम की समस्या लंबे समय से होती थी। इसे देखते हुए उच्च प्रबंधन द्वारा इस समस्या के निवारण हेतु मरोदा गेट के निकट एक बड़े पार्किंग स्थल निर्माण कार्य नगर सेवाएं विभाग ने द्वारा शुरू कर दिया गया है।
जिससे कर्मचारियों एवं ठेका मजदूरों को ट्राफिक जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

## निधन

### प्यारी बाई बनवासी



**भिलाई।** गिरधारी नगर शीतला नगर दुर्ग निवासी प्यारी बाई बनवासी उम्र 93 वर्ष पति स्वर्गीय रामरतन बनवासी का निधन 7 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसंबर को हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे रूपचंद बनवासी की मां, नंदकुमार, सदानंद, आनंद, अरुण की चाची व राज, ध्रुव, मनोहर, अंगेश्वर, संतोष की बड़ी माँ और अंकित, नीरज, सूरज, संजय, मुकेश, गोलू, मोनू, राहुल, पवन की दादी थीं।

# नन्हे यात्री कर रहे मैत्री एक्सप्रेस को हरी झंडी का मिलने का इंतजार

## मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन बिगड़ी पड़ी, नन्हे पर्यटक निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन बंद होने से नन्हें पर्यटकों में निराशा है। यह ट्रेन पिछले लंबे समय से बंद पड़ी है। इसके चलते बच्चे इसका लुत्फ नहीं उठा पा रहे हैं। बेबी ट्रेन के शुरु हो जाने से मैत्रीबाग में रौनक के साथ आय भी बढ़ेगी।

मैत्रीबाग में बच्चों की ट्रेन पिछले करीब पांच से साल से बिगड़ी पड़ी है। इसकी वजह ट्रेन के 50 साल पुराने इंजिन के प्रमुख कलपुर्जे खराब होना है। इसके चलते पिछले दस साल के दौरान यह ट्रेन कई बार बिगड़ने के बाद रिपेयरिंग कर चालू भी की गई। बताते हैं कि मैत्रीबाग की तत्कालीन प्रभारी एजीएम स्व. टीएस क्षत्री हथौड़ा प्लायर लेकर खुद इसे रिपेयर कर स्टार्ट कर लेते थे। लेकिन पुराने इंजिन के खराब हो चुके कलपुर्जे नहीं मिलने से रेलगाड़ी पिछले चार साल से बंद पड़ी है। इससे मैत्रीबाग आने वाले बच्चों को को निराश होना पड़ रहा है। पालकों ने बताया कि बच्चे अपनी ट्रेन में सफर करने की जिद करते हैं लेकिन जब वे गैराज में खड़ी ट्रेन को देखते हैं तो हताश हो जाते हैं। ट्रेन के जल्द चालू हो जाने से बच्चे इसका मजा ले सकेंगे और मैत्रीबाग की रौनक के साथ आय भी बढ़ेगी।



### चार डब्बों की है मैत्री एक्सप्रेस

मैत्रीबाग में पचास साल पुरानी बच्चों की ट्रेन नन्हें पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही है। मैत्री एक्सप्रेस नामक इस रेलगाड़ी में इंजिन सहित पांच बहुरंगीन बोगियां हैं। प्लेटफार्म भी आकर्षक है। जंगलनुमा सघन पेड़ों के बीच से करीब आधा फर्लांग तक घुमावदार रेलवे ट्रैक पर पुलियों व टनल से गुजरते हुए गाड़ी अपने नन्हे सैलानियों को रोमांचक सफर कराती थी। सफर करते हुए बच्चों के साथ बैठे पालक भी खुश होते थे। लेकिन अब बेबी ट्रेन के बंद होने से यह प्लेटफार्म सूनसान व बैरौनक है।

## श्रमिक हलचल: वेज रिवीजन अपूर्ण होने सहित कई समस्याएं हैं लंबित

# बदली हुई परिस्थितियों में यूनियन चुनाव को लेकर पसरी उदासीनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### दो महीने बाद शुरू होगी चुनावी प्रक्रिया, बीएमएस को मिली थी मान्यता



बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव के लिए श्रमिक संगठनों में इस बार दिलचस्पी कम दिखाई दे रही है। इसकी वजह बदली हुई परिस्थितियों में मान्यता यूनियन की बढ़ती चुनौती और प्रबंधन से कम रिस्पांस मिलना है। कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का निदान नहीं होने से सदस्य कर्मियों में भी मोहभंग टाइप की थोड़ी हताशा है। भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता यूनियन का कार्यकाल समाप्त हुए दो महीने बीत चुके हैं। लेकिन अब तक यूनियन, प्रबंधन और सीएलसी स्तर पर चुनाव को लेकर कोई प्रक्रियागत तैयारी नहीं दिखाई दे रही है। पिछली बार भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने मान्यता यूनियन चुनाव जीता था। उल्लेखनीय है कि नियम या परंपरानुसार मान्यता कार्यकाल खत्म होने के बाद सभी यूनियनों को मुख्य श्रमायुक्त को चुनाव कराने की मांग का पत्र देना पड़ता है। इसके बाद वह सभी के साथ बैठक कर चुनाव के निर्देश जारी करता है। बीएसपी चुनाव करवाने के लिए मतदान केंद्रों व मतगणना स्थल आदि उपलब्ध करवाने आदि व्यवस्थागत तैयारी के निर्देशों का पालन करता है। लेकिन अब तक कमोबेश यूनियनों में उदासीनता पसरी हुई है। मान्यता चुनाव लड़ने वाली दर्जनभर यूनयनों में अब तक सिर्फ सीटू ही चुनाव को लेकर उत्साहित दिखाई दे रही है। इस यूनियन ने महीनेभर पूर्व मान्यता खत्म होने का पत्र देने के साथ बीएसपी के आईआर विभाग के साथ बैठक कर मान्तयता चुनाव पर चर्चा की है। यूनियन को दो माह में चुनावी प्रक्रिया शुरु करने का आश्वासन मिला है। सीटू के अलावा अन्य किसी यूनियन द्वारा सीएलसी से चुनावी मांगपत्र नहीं देना बीएसपी में चर्चा का विषय बना हुआ है। यानी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार तीनों स्तर पर चुनाव को लेकर तैयारी की गतिविधियां शुरु नहीं हुई हैं। कर्मियों के मुताबिक इसकी वजह पिछले दो साल में चौतरफा बदली परिस्थितियां हैं।

### प्रबंधन के हाथ खींचने से उत्साह में कमी

इस बार बीएसपी मे यूनियन मान्यता चुनाव को लेकर यूनियनों में उत्साह की कमी वजह बदले हुए माहौल में बीएसपी प्रबंधन से यूनियनों को कम महत्व मिलना, बल्कि शिकंजा बढ़ना है। यूनियनों के मुताबिक मेन पावर कम होने और सरकार बदली नीति के तहत प्रबंधन का शिकंजा यूनियनों पर कस रहा है। पिछली बार मान्यता चुनाव जीतने वाली भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन को समस्याओं को लेकर प्रबंधन से अधिक प्रतिसाद नहीं मिला। इसे लेकर बीएसमस ने भी नाराजगी जाहिर की थी। अक्टूबर में बोनस मीटिंग के बाद हुई सेलव्यापी हड़ताल के बाद प्रबंधन आंदोलन को आदि यूनियन गतिविविधियों को लेकर थोड़ा सख्त हुआ है। फिर अब संयंत्र में सदस्यों यानी मेनपावर भी पहले की तुलना में कम हो गया है, सिर्फ 12 हजार कर्मी बचे हैं। आउटसोर्सिंग बढ़ भी बढ़ने से हालात पहले से जटिल होते जा रहे हैं। जो यूनियन आगे मान्यता चुनाव जीतेगी, उसे बदली हुई विषम परिस्थितियों में वर्कर्स की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मुश्किल होता जाएगा। यानी अधिक सक्रिय होने पर वर्कर्स हित में यूनियन को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### लंबित समस्याओं से मोहभंग की स्थिति

चुनावी उत्साह में कमी की एक वजह सदस्य कर्मचारियों में यूनियनों के प्रति पहले की अपेक्षा कम भरोसा होना है। लंबित समस्याओं और वर्कर्स के वेतन व अन्य सुविधाएं बढ़ोत्तरी से अभी यूनियनों से मोहभंग जैसी स्थिति होना बताया जा रहा है। गैरएनजेसीएस यूनियनें लगातार एनजेसीएस यूनियनों को कठघरे में इसलिए खड़ा कर रही हैं कि अब तक अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण नहीं होने से 39 माह के एरियर्स व भत्तों का भुगतान नहीं हो पाया है। कई अन्य समस्याएं भी लंबित हैं। फिर संयुक्त यूनियन में भी अब मतभेद उभर रहे हैं। विदित हो कि आईडी एक्ट लागू होने के बाद अब तक 2 बार सीटू, एक बार इंटक और एक मर्तबा भिलाई इस्पात मजदूर संघ मान्यता चुनाव जीता है। इन 3 यूनियन के अलावा मान्यता चुनाव में एटक, एचएमएस, एक्टू, भिलाई इस्पात श्रमिक मंच, बीएसपी वर्कर्स यूनियन, स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक की सहभागिता होती है। इस बार चुनाव में नई यूनियन बीएकेएस भी पात्र है। इनमें कुछ यूनियनों वर्कर्स की समस्याओं को लेकर सक्रिय हो गई हैं।

# इंसेंटिव फॉर्मूला को संशोधित करे प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीएकेएस ने सेल डायरेक्टर को लिखा पत्र

बीएकेएस ने सेल के निदेशक सेल को पत्र लिखकर भिलाई इस्पात संयंत्र में गैर कार्यपालक कर्मचारियों के लिए इंसेंव रिवार्ड में संशोधन करने करने की मांग की है। पत्र में बताया है कि बीएसपी सेल की सबसे बड़ी इकाई है । इसके बाद भी 18 वर्षो से गैर कार्यपालक कर्मियों का इंसेंटीव /रिवार्ड फॉर्मूला का संशोधन नही किया गया है । उत्पादन क्षमता, लेबर प्रोडक्टिविटी, मुनाफा आदि में कई गुणा वृद्धि हुई है तो मैन पावर में भी कई गुना कमी हुई है। यूनियन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने पत्र में बताया कि वर्ष 2006-7 बीएसपी में क्रूड स्टील उत्पादन4.79 एमटी और सेल में 13.51 एमटी हुआ। संयंत्र में 2004 से 7 तक 31347 गैर कार्यपालक थे जबकि सेल में इनकी संख्या 117605 थी। वहीं संयंत्र में 2024 में 567 हुआ जबकि सेल में 19.2 उत्पादन हुआ। 18 वर्षो में कर्मठ बीएसपी कर्मियों मेन पावर कम होने के बाद भी उत्पादन में लगातार वृद्धि की है। उत्पादन उनकी विशिष्ट कार्यशैली को प्रदर्शित कर रहा है । हर माह रिकार्ड उत्पादन हो रहा है। बीएकेएस ने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने इंसेंटीव रिवार्ड फॉर्मूले को बदला जाय । इंसेटिव नहीं होने से कर्मियों को जानबूझकर घाटा कराया जा रहा है।

### जानबूझकर घाटा कराया जा रहा

“ इंसेंटीव रिवार्ड राशि का का समय पर जानबूझ कर संशोधन नही किया जा रहा है । कर्मचारियों को जानबूझ कर आर्थिक घाटा कराया जा रहा है । बोनस तो दूसरी तरफ इंसेंटीव रिवार्ड तय करने का 18 वर्ष पुराना फॉर्मुला के कारण कर्मचारियों को प्रतिमाह कई हजार रुपया का नुकसान हो रहा है ।

**नवीन मिश्रा,** अध्यक्ष बीएकेएस

### छात्राओं को दी गुड टच बैड टच की जानकारी

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस रक्षा टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय और साइबर क्राइम से बचने की जानकारियां दी गई । गुड टच बैड टच , डिजिटल लॉक के बारे में बताया गया ।छात्राओं को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करना सिखाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, पुलिस सुरक्षा दल की संगीता मिश्रा, प्रिंसिपल डॉ विनय शर्मा, डॉक्टर शबाना, डॉक्टर मणिमेखला शुक्ला, डॉक्टर छाया सोनपिपरे, डॉक्टर कविता वर्मा, डॉ रंजना शर्मा, सौम्या खरे ,अरुणा चौबे ,डॉक्टर फिरोजाजाफर अली ,चांदनी, मजहर खान, निधि तिवारी के अलावा एनसीसी-एनएसएस के स्वयंसेवकों समेत कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सेवा के ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेस स्कीम के लिए विकल्प

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र, स्टील इम्प्लाइज वेलफेयर एशोसिएशन ( सेवा) द्वारा प्रति वर्ष 1 मार्च से 28-29 फरवरी तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इन्श्योरेन्स स्कीम का संचालन किया जाता है। इसके तहत किसी दुर्घटना में मृत कर्मचारी के आश्रितों को, सम्बंधित बीमा कंपनी के द्वारा पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अंतर्गत पात्रता होने पर वर्ष 2024-25 के दौरान तीस लाख रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है।

- पंद्रह दिसंबर तक विकल्प पर क्लिक करें

इसके लिए प्रति वर्ष एल-1 कम्पनी के आधार पर किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी को पॉलिसी संचालन का कार्य दिया जाता है। देय प्रीमियम राशि का भुगतान, सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती करने के बाद किया जाता है। शासी समिति, सेवा के द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित पॉलिसी के पूर्व, सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है।

### कर्मी विकल्प पर क्लिक करे

जो सदस्य कार्मिक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, वे 15 दिसम्बर तक ई-सहयोग पोर्टल पर जाकर “नहीं” विकल्प पर क्लिक करें। ई-सहयोग पोर्टल पर यह विकल्प ना भरने वाले कार्मिकों के सन्दर्भ में यह मान्य होगा, कि वे इस योजना में शामिल होने के लिए इच्छुक हैं। असहमति के विकल्पों की प्राप्त संख्या के आधार पर इस योजना में शामिल होने के इच्छुक कार्मिकों की देय प्रीमियम राशि में वृद्धि या/और प्राप्य मुआवजा राशि में कमी आ सकती है। विकल्प समय से पूर्व प्राप्त हो जाने के कारण आवश्यकतानुसार प्रीमियम राशि को एक या अधिक किस्तों में काटने पर भी विचार किया जा सकता है।

## इस्पात क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- इस्पात मंत्री ने शशि शेखर को नेशनल मेटलर्जिस्ट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित




इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) द्वारा बेंगलुरु में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए । इस अवसर पर उन्होंने इस्पात क्षेत्र के विकास मे योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। मंत्री ने इस्पात क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सेल के पूर्व डायरेक्टर टेक्निकल, बोकारो इस्पात संयंत्र के पूर्व प्रबंध निदेशक तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व ईडी व ईडी(प्रोजेक्ट्स) के रूप में सेवा देने वाले तथा वर्तमान में एस्सार मिनमेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी शशि शेखर मोहंती को नेशनल मेटलर्जिस्ट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। श्री मोहंती ने अपने 45 वर्षों के करियर मे इस्पात उद्योग के विकास में महती योगदान दिया है। इसमें खनन से लेकर इस्पात मिलों तक के एस14 बिलियन से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उत्कृष्ट प्रबंधन शामिल है। परिचालन में उल्लेखनीय सुधार, कार्यकुशलता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और प्रक्रिया में सुधार किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस्पात उद्योग में 1 बिलियन डॉलर से अधिक की लागत बचत हुई है।

### अनुसंधान व विकास में भी योगदान

अनुसंधान और विकास में भी योगदान देने वाले मोहंती के नाम पर दो पेटेंट और 50 तकनीकी पेपर अंकित हैं। उन्होंने बीआईएस) के धातु प्रभाग के अध्यक्ष और क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, भुवनेश्वर चैप्टर के चेयरमेन जैसे पदों पर रहें है। उन्होंने क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, भिलाई चैप्टर की स्थापना की और भारत सरकार के तहत स्टील रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी मिशन ऑफ इंडिया (एसआरटीएमआई) के संस्थापक निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन भूमिकाओं में उनके नेतृत्व ने भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्पात उद्योग के भीतर नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है।

## डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी के सेमीफाइनल में सीआईसीए ने आईआईएमएम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

यहां चल रही डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम सेफी फाइनल मैच सीआईसीए एवं आईआईएमएम की टीमों के मध्य खेला गया। सीआईसीए ने आईआईएमएम को 42 रन से हराकर फायनल में प्रवेश किया। सेमी फायन मैच में आफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविन्दर सिंह द्वारा टॉस कराया गया । सीआईसीए ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी बल्लेबाजी कर 15 ओवरों में 101 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज नाबाद 44 रन एवं कपिल नायडू ने नाबाद 38 रनों की पारी खेली। जवाब में आईआईएमएम ने 9 विकेट खोकर 57 रन ही बना सकी। सीआईसीए ने 42 रनों से मैच जीता। नायडू ने 3 ओवर में 11 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए । उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्राफी ओए जोनल प्रतिनिधि डीपीएस बरार व प्रीतपाल सिंह द्वारा दी गई। एम्पायर, आनंद करलकर और राधेश्याम तथा स्कोरर विनोद देवघरे और संदीप वर्मा थे तथा कमेंट्रेटर अभय मोहरिल और प्रीतपाल सिंह पिच क्यूरेटर आजाद अहमद थे। दूसरा सेमी फाइनल 9 दिसंबर को आंध्रा यूनिवर्सिटी एवं एनआईटी रायपुर के मध्य खेला जाएगा।



## कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को ली बैठक

# वेतन वृद्धि को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी में संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- विधानसभा शीतकालीन सत्र को देखते हुए कर्मचारियों ने बनाई रणनीति



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की बड़ी बैठक रविवार आयोजित हुई। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि सरकार को जल्द अल्टीमेंट दिया जाएगा। समयसीमा मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की रास्ता अख्तियार करेंगे। बैठक में विधानसभा शीतकालीन सत्र को देखते हुए रणनीति बनाई गई है। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि छ. ग प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ अपने लंबित मांग नियमितीकरण, स्थायीकरण, घोषित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित, ग्रेड पे स्केल सहित 18 बिंदु मांग को लेकर पिछले विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा घेरने निकले थे। आश्वासन के बाद भी ये मांगे अब तक पूरी नहीं हो पाई है। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उनके रेशलाइजेशन कमेटी वेतन विसंगति, ग्रेड पे स्केल निर्धारण के लिए बिना समय निर्धारण का कमेटी तो बनाया जाता हैं लेकिन कमेटी सिर्फ कमेटी बनकर ही रह जाता हैं आज तक उसमें कोई निर्णय नहीं आता हैं जिससे कर्मियों का समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता हैं। एन एच एम कर्मचारियों के आंदोलन में चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है, इन्ही कर्मचारियों के भरोसे टीका हुआ हैं। अस्पताल की जिम्मेदारी पूरे प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला अस्पताल इन कर्मचारियों की संख्या पूरे प्रदेश में 16000 से ज्यादा है। ओपीडी ,आईपीडी, संस्थागत प्रसव, समस्त प्रकार के बच्चा विभाग, आईसीयू, डाटा एंट्री , टीबी विभाग, हमार लैब,श्रवण जांच केंद्र,स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न प्रकार का ट्रेनिंग, आपातकालीन सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन इत्यादि इन्ही कर्मचारियों के भरोसे संचालित किया जाता है।




हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



बाक्सिंग स्पर्धा में बेस्ट बॉक्सर आशुतोष व चेलेंजर बने विजय

## लाइव इवेंट

### 190 कैडेट्स ने फायरिंग करने और निशाना लगाने लिया प्रशिक्षण




**भिलाई।** 37 सीजी बटालियन एनसीसी अधिकारी द्वारा केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के लगभग 190 एनसीसी कैडेट ने फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फायरिंग प्रशिक्षण बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मकसूद अली खान के मार्गदर्शन में हुआ। कैडेट को फायरिंग की स्थिति दुरुस्त करने, निशाना लगाने की तकनीक राइफल की समझ और रखरखाव उनके उपयोग आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सभी कैडेट को 22 राइफल से 25 मीटर की रेंज में फायरिंग का अभ्यास कराया गया। इस दौरान बटालियन के सूबेदार मेजर भूपति थापा ने सभी कैडेट को राइफल के सुरक्षा और निशाना लगाने की कला के बारे में अवगत करवाकर अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी कैडेट्स को दी। फायरिंग स्थल पर केंद्रीय विद्यालय के एनसीसी अधिकारी मनोज कुमार भारद्वाज एवं विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालय के एनसीसी अधिकारी एवं विभिन्न कैडेट मौजूद थे।

- **22 राइफल से 25 मीटर की रेंज में फायरिंग का किया अभ्यास**



## सिटी इवेंट

### पर्सनल ग्रुमिंग से बढ़ता आत्मविश्वास ड्रेसअप, हेल्दी डाइट की दी जानकारी



**भिलाई।** कारपोरेट जगत में जॉब करने, आंत्रप्रेन्योर के रुप में स्टार्टअप शुरु करने या फिर अन्य कोई भी ऐसे कार्य जो रोजगार पाने के लिए किया जाए तो उन सभी स्थानों में पढ़ाई के साथ साथ आपकी बॉडी लेंग्वेज आपके लिए दर्पण का कार्य करती है इसलिए युवाओं की पर्सनल ग्रुमिंग जरुरी है। जिससे किसी भी संस्थान में होने वाले इंटरव्यू में आपका आत्मविश्वास दिखाई देता है। यह बातें छात्राओं से ग्रुमिंग एक्सपर्ट ने कार्यशाला के दौरान कही। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के तत्वावधान से एक दिवसीय पर्सनल ग्रुमिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डी सी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग पर्सनल ग्रुमिंग के प्रति अत्यंत जागरूक है और इसकी महत्ता को समझते हैं एवं विशेषज्ञ के मार्गदर्शन से बेहतर लाभ उठा सकते हैं।

- **विषय विशेषज्ञों ने व्यवहारिक ज्ञान का बताया महत्व**

प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया की पर्सनल ग्रुमिंग में किसी व्यक्ति को किसी विशेष उद्देश्य या गतिविधि के लिए तैयार करना, जिसके अंतर्गत शारीरिक बनावट की देखभाल करने और एक साफ, स्वच्छ और आकर्षक रूप बनाए रखने के अभ्यास को सदंर्भित करना है। यह उन आदतों को विकसित करने के बारे में है, जो व्यक्तिगत स्वच्छता, उपस्थिति और समग्र कल्याण को बढ़ाती है। उच्च आत्म विश्वास और आत्म सम्मान बनाए रखने में ग्रुमिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विषय विशेषज्ञ कंचन राऊत ने पर्सनल ग्रुमिंग टिप्स, महत्ता और लाभ की विस्तृत जानकारी दी। सौंदर्य विशेषज्ञ ममता कुमार ने त्वचा, हेयर, वस्त्र चयन, हेल्दी डाइट आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन तब्बसुम अली ने किया।



● दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' का आयोजन

# शारीरिक अक्षमता को पीछे छोड़ खेल मैदान में बच्चों ने भरी उड़ान, मटकी फोड़ी और कल्पना में भरे रंग

**भिलाई।** सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला उड़ान में सुबह से शाम तक रौनक रही। विभिन्न जिलों से आए 300 से ज्यादा विशेष बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इन बच्चों ने न सिर्फ मटकी फोड़ी और दौड़ लगाई बल्कि ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी अपनी कल्पना को रंग भर कर अतिथियों को हैरान कर दिया। शासकीय-अशासकीय समस्त संस्थानों से आए अतिथियों ने न सिर्फ इन बच्चों की जम कर तारीफ की बल्कि आयोजक जीई फाउंडेशन की पहल को भी अनुकरणीय बताया।भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में रविवार की सुबह उपस्थित अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाकर 'उड़ान' का औपचारिक शुभारंभ किया। आयोजन में विभिन्न संस्थानों से आए विशेष बच्चों के लिए अलग-अलग तमाम व्यवस्थाएं की गई थी। यहां बच्चों ने ड्राइंग एवं पेंटिंग में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान सुबह से शाम तक दिव्यांग बच्चों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें इन बच्चों ने शारीरिक अक्षमता को पीछे छोड़ते हुए मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### विशेष बच्चों को एक मंच पर लाना और उन्हें अवसर देना सराहनीय

आयोजन में पहुंचे भिलाई स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि समाज से विशेष बच्चों को एक मंच पर लाना और उन्हें अवसर देने जीई फाउंडेशन का कार्य अतुलनीय है। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम. ने कहा कि विशेष बच्चों के प्रति जीई फाउंडेशन अपनी जवाबदारी बखूबी निभा रहा है, यह हम सबके लिए प्रेरणास्पद है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के उपमहानिरीक्षक बी एस पंते ने इन विशेष बच्चों को लड्डू खिला कर मुंह मीठा करवाया और पूरे आयोजन को अनुकरणीय बताया। सेंट थॉमस मिशन के राजू फादर ने कहा कि जीई फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के प्रति अपनी सेवाओं से समाज को यह एहसास भी कराया है कि इन विशेष बच्चों को लेकर उन सभी की भी जिम्मेदारी बनती है। वहीं युवा नेता मनीष पांडेय ने कहा कि यहां दिव्यांग बच्चों के लिए जो काम जीई फाउंडेशन कर रहा है उसका संदेश अब पूरे देश मे जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक प्रखर पांडेय ने प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते हुए आयोजन की सराहना की।





**इन संस्थानों की रही भागीदारी:** उड़ान 2024 में मुख्य रूप से जिन संस्थानों ने भागीदारी दी। उनमें प्रयास स्कूल सुपेला, ब्राइट स्कूल दुर्ग,प्रगति स्कूल भिलाई, नवजीवन स्कूल भिलाई स्नेह संपदा स्कूल भिलाई, मानवता स्कूल भिलाई नयनदीप नेत्रहीन विद्यालय भिलाई, दिव्य ज्योति स्कूल भिलाई, गुरुकुल स्कूल भिलाई, आकांक्षा स्कूल रायपुर, सार्थक स्कूल धमतरी, अभिलाषा स्कूल राजनांदगांव और समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग के बच्चे और शिक्षक सहित अन्य जन शामिल रहे।





### उपस्थित रहकर बच्चों को किया प्रोत्साहित


इस दौरान बच्चों के साथ आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा बी एस एफ के कमांडेंट मनीष सिन्हा,बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के मुख्य महाप्रबंधक पी के सिंह, नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्त और एसएमएस-3 के महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन में जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई, संजय मिश्रा, जावेद खान, के वी विनोद, मनीष टावरी, सुरेश कुमार, श्रेयस कुमार, प्रकाश देशमुख, मृदुला शुक्ला, सुभागा सुरेश, ज्योति पिल्लई, हेमा कुलकर्णी, देवनारायण, स्वाति पंडवार, स्वाति बारीक, विशाखा मंगुडे और योगिता साहू की सहभागिता रही। वहीं सेंट थॉमस कॉलेज और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के स्टूडेंट ने भी विशेष सहयोग दिया। समारोह का संचालन सत्यवान नायक ने किया।

### विजेता बच्चे हुए पुरस्कृत









सिविक सेंटर कला मंदिर में देर रात तक सजी सुरों की महफिल

# पुराने फिल्मी गीतों को गायकों ने अपने अंदाज में गाकर किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध, बाधां समां

कॉर्नर न्यूज

भिलाई। सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम एवं आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात के संयंत्र संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी कला मंदिर में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रसिद्ध गायकों सत्या पांडे, पुनित श्रीवास, आलोक नारंग, जितेन्द्र तांडी, प्रशान्त, लता बर्मन, प्रनोती गजभिए, माधुरिमा रे, डॉली मुंशी, मंजिता भारद्वाज ने हिस्सा लेकर अपनी गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिससे पूरा वातावरण को सुमधुर गीतों से संगीतमय शाम बना दिया। संगीत प्रस्तुति मशहूर संगीतकार कविंद्र बर्मन के निर्देशन में डालफिन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा की गई ।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे, विशिष्ट अतिथि बीएसपी मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेज के अधिशासी निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ एवं विशिष्ट अतिथि संजय गजभिए कार्यकारी निदेशक फेरों एलॉय प्लांट चंद्रपुर, आफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष व सेफी चैयरमेन नरेन्द्र बंछोर और स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ दीपक वर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन सुप्रीयो सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं प्रस्तुति महेश कुमार विनोदिया, डायरेक्टर सुर संगीत संगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा की गई। संस्था के इस प्रथम आयोजन में नरेन्द्र बंछोर एवं संजय गजभिए द्वारा विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में दुर्ग -भिलाई क्षेत्र के संगीत प्रेमी एवं विभिन्न कलाकार काफी संख्या में उपस्थित थे।





## सिटी इवेंट

### खो-खो हमारे देश के पारंपरिक खेलों में से एकः ताम्रध्वज साहू



**भिलाई।** शहीद वीर नारायण खेल क्लब द्वारा ग्राम ऑलबरस में राज्य स्तरीय खो- खो एवं मैराथन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभा का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए समिति को बधाई देते हुए सराहना की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, क्रीडा अधिकारी, क्रीडा प्रभारी तथा कोच का स्वागत करते हुए कहा कि खो-खो हमारे देश के पारंपरिक खेलों में से एक है। यह केवल खेल नही बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। इससे खिलाड़ियों में कौशल, गति, रणनीति तथा टीम भावना विकसित होती है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आरंभ में सभी अतिथियों ने विभिन्न स्थानों से आये हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, सरपंच आशा देशमुख, देवीसिंग देशमुख, शेषनारायण चन्द्रवंशी, रामशरण देशमुख, डाला देशमुख, संजय, राहुल, भारत यादव, राजा योगेंद्र भारती, सोनू, डोमेन्द्र, जय, भूपेंद्र, चोवा राम, ऋतिक सहित ग्रामीण जन, कोच, खिलाड़ी मौजूद थे।

■ राज्य स्तरीय खो-खो व मैराथन स्पर्धा का उद्घाटन



## समाज इवेंट

### दिव्यांगजनों के अधिकारों और बेहतर जीवन बनाने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** शासकीय महाविद्यालय दुर्ग में रेडक्रॉस के तत्वावधान में अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन समाज में दिव्यांगजनों को सामान्य एवं बराबरी का दर्जा प्रदान करने के लिए मनाया गया। इसके माध्यम से नागरिकों को दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। दिव्यांगजन के असक्षमता के मुद्दे पर नागरिकों का ध्यान खींचने एवं इनके द्वारा प्रतिदिन के जीवन में सहन की जा रही कठिनाईयों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ डी सी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि इन विशेषजनों के लिए महाविद्यालय में विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं, साथ ही महाविद्यालय परिवार के इन विशेषजनों ने अपने कार्यों से विशिष्ट पहचान बनायी है। वर्तमान में इस महाविद्यालय की दिव्यांग छात्राएं समाज में अपनी सेवाएं दे रही है और महाविद्यालय को गौरांन्वित कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्र संतोषी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ एम लक्ष्मी प्रसूना ने किया एवं आभार डॉ तोषिना तैलंग ने किया।

■ अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाशाली छात्र संतोषी का हुआ सम्मान

### दो दिवसीय सत्संग में गूंजी कबीर वाणी, उनके विचारों को आत्मसात करने दिया संदेश



भिलाई। सद्गुरु कबीर वाटिका केनाल रोड खुर्सीपार भिलाई में दो दिवसीय सत्संग भजन कीर्तन का कार्यक्रम आमीन माता मंडली एवं कबीर धर्मावलंबियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण कबीर साहेब के ज्ञान देता भजन कीर्तन रहा। इस दौरान मुख्य प्रवचनकर्ता गोंदिया के संत वाय पी येडे, दामाखेड़ा से संत नीमा माई, गोमती माई, महंत सुशीला माई व महंत रूपकला भिलाई के मुखारविंद से उपस्थित लोगो ने सत्संग का लाभ लिया। इस अवसर पर खुर्सीपार, हथखोज, उतई के आमीन माता भजन मंडली द्वारा कबीर साहेब के ज्ञानवर्धक भजन प्रस्तुत किए। संतों ने कबीर साहेब के विचारों को आत्मसात कर अपने घट यानी हृदय में ही मालिक के दर्शन करने का उपदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक महंत रूपकला, तारामाई, दीवान तोषन, बीना, गायत्री, गीता, बिसमती, धनेश्वरी साहू, नारायणी सोनबोईर, तीजन, वाटिका अध्यक्ष खेमचंद साहेब, कोषाध्यक्ष हरीश चन्द्र, संतोष साहू, तोरन, विजय, सुरेन्द्र कुमार सोनबोईर, परदेशी राम साहू, रवि, भुनेश्वर साहेब, रामेश्वर साहेब, राजेन्द्र साहेब, दीपक उपस्थित रहे।

● खरमास में मंत्र जप, दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने से मिलता लाभ

# शुभ कार्यों पर फिर से लगेगा विराम, 15 दिसंबर से खरमास होगा शुरु, मकर संक्राति से गूंजेगी शहनाई

**भिलाई।** 15 दिसंबर से खरमास शुरु हो रहा है, जिसके चलते एक बार फिर से पूरे एक महिने के लिए शादी, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार जैसे शुभ कार्यो पर विराम लग जाएगा। अगले महिने की मकर संक्राति के दिन 15 जनवरी 2025 के बाद फिर से शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी और शुभ कार्यो की झड़ी फिर से लग जाएगी। यानी जब भगवान सूर्य धनु राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास अर्थात पौष का महीना प्रारंभ हो जाता है, आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि 15 दिसंबर को रात्रि 10 बजकर 10 मिनट पर सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे, जिस वजह से 15 दिसंबर के बाद से किसी भी तरह का शुभ कार्य नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि 14-15 जनवरी 2025 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इस संक्रांति को मकर संक्रांति कहते है। खरमास हिन्दू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना होता है, जो शुभ कार्यों के लिए सही नहीं माना जाता है। यह आमतौर पर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के बाद शुरू होता है, यह लगभग एक महीने तक चलता है परंपरा अनुसार इसे माघी भी कहा जाता है। इसी दिन से खरमास समाप्त हो जाता है और माघ का महीना प्रारंभ हो जाता है। इसी दिन से सभी शुभ कार्य भी प्रारंभ हो जाएंगे, 15 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच एक महीना किसी भी तरह का शुभ कार्य नहीं किया जाएगा।



### इस मास में यह करना शुभ

आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने बताया की खरमास के इस महीने में खास परंपराएं निभाई जाती हैं, इस समय में लोग मंत्र जप, दान, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करते हैं ऐसा माना जाता है कि खरमास के महीने में धर्म कर्म करने से बहुत लाभ मिलता है। इस दौरान पवित्र नदियों में स्नान और मंदिरों में दर्शन करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



### खरमास में शुभ कार्य करने की मनाही

आचार्य ने बताया की खरमास सूर्य और वृहस्पति से संबंध रखता है। वृहस्पति की राशि और इसी धनु राशि में सूर्य प्रवेश करते हैं। सूर्य की किरणें कमजोर हो जाती हैं और वृहस्पति का बल भी कम हो जाता है, इसीलिए खरमास में शुभ कार्य करने की मनाही है। इन दिनों में सूर्य उपासना करनी चाहिए। खरमास हिन्दू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना होता है, जो शुभ कार्यों के लिए सही नहीं माना जाता है। यह आमतौर पर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के बाद शुरू होता है, यह लगभग एक महीने तक चलता है। खरमास के दौरान शुभ कार्यों जैसे विवाह, गृह प्रवेश या नया काम शुरू करना वर्जित माना जाता है। इस समय को धर्मशास्त्रों में अनिष्टकारी और अशुभ माना जाता है। इस दौरान पूजा-पाठ और दान करना चाहिए। यह समय धर्म और आत्मा के कल्याण के लिए उपयुक्त माना जाता है।

**15जनवरी के बाद से होंगे विवाह व गृहप्रवेश, सात दिनों तक और होंगे प्रारंभ शुभ कार्य**

### इस दिन शुरू होगा खरमास

खरमास की शुरूआत 15 दिसंबर को रात्रि 10 बजकर 10 मिनट से हो जाएगी, इस दिन सूर्य वृश्चिक राशि से निकलकर गुरु की राशि धनु में प्रवेश करेंगे। 14 जनवरी को सूर्य मकर राशि कर लेंगे, तब शुभ कार्यों पर से रोक हट जाएगी।

### साल में दो बार शुभ कार्य पर लगती है रोक

खरमास खाल में दो बार आता है। एक बार 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक रहता है, जब सूर्य धनु राशि में प्रवेश करता है और दूसरी बार 15 मार्च से 15 अप्रैल तक रहता है, जब सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करता है। ऐसे में साल में दो महीने ऐसे आते हैं, जब शुभ कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगी रहती है।

## जागरूकता...

# मरणोपरांत मेडिकल स्टूडेंट के काम आयेगी काया, जयश्री ने सौंपा घोषणा पत्र



**भिलाई।** संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। इसी कड़ी में समता सुरक्षा सेना एवं पंचशील बुद्ध विहार समिति द्वारा आयोजित रक्तदान महादान शिविर में अयप्पा नगर भिलाई निवासी जयश्री बौद्ध ने मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की और देहदान की वसीयत स्वयंसेवी संगठन दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग की संस्थापक सविता बौद्ध संकल्पी को सौंपा गया।देहदान की वसीयत पर उनके जीवन साथी सुदेश कुमार और पुत्र समर्थ कुमार ने सहर्ष सहमति दी। देहदाता ने विंग प्रमुख सविता बौद्ध संकल्पी के इन विचारों से प्रेरित होकर देहदान किया कि हम जीते जीवन में लोगो के काम आते रहें है और मरने के बाद भी हमारा मृत शरीर काम आएगा। जो एनाटामी रायपुर मेडिकल कॉलेज को दिया जाएगा। लोगों में देहदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से देहदान की घोषणा पंचशील बुद्ध विहार उरला दुर्ग के प्रांगण में दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग की धम्म प्रचारिकाओ ,समस्त बौद्ध अंबेडकरी अनुयाइयों और वार्ड वासियों की उपस्थिति में की गई। दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग द्वारा देहदान के लिए जयश्री बौद्ध को सम्मान पत्र दिया गया।

### 125 लोगों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण



भिलाई। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के 68वें महाप्रयाण दिवस के अवसर पर दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बुद्ध विहार सेक्टर 6 भिलाई में अभिषेक आई मिश्रा मेडिकल कॉलेज जुनवानी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के डॉ आयुषी, डॉ निशा, डॉ सुहानी, सिस्टर निर्मला गजभिए और संस्था की अध्यक्ष वर्षा बागडे सहित सभी सदस्यों की उपसें दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव सुधेश रामटेके ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में करीब 125 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। तथागत समाज कल्याण समिति द्वारा फल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जीवन लाल सुर्यवंशी, के.के.चौहान, यशवंत रामटेके, राजेश वंजारी, महेन्द्र वाघमारे, नरेन्द्र शेंडे, सुभाष गजभिए, दिनेश कापडे, अमित गजभिए, योगेश सहारे, अरुण वैद्य, रमन गजभिए, उषा मेश्राम, नलिनी चिचखेडे, शारदा मेश्राम, लता मेश्राम, कविता चौरे, जयश्री बौद्ध, सुजाता चौहान, कविता रंगारी और कार्यकारिणी सदस्य सहित उपासक-उपासिकायें उपस्थित थे।

## 16वीं पुरुष-महिला बाक्सिंग स्पर्धा

# बाक्सिंग स्पर्धा में बेस्ट बॉक्सर आशुतोष व चेलेंजर बने विजय



**भिलाई।** 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर राज्य पुरुष एवं महिला बाक्सिंग प्रतियोगिता जवाहर नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए 17 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर एन बेनर्जी, वीरेंदर यादव, प्रदीप राय एवं लालमन यादव की उपस्थित थे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि यशा लहरे आयुक्त जोन 2 ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, कांकेर, रायगढ़, बालोद, दंतेवाडा, खैरागढ़, धमतरी, मुंगेली, दुर्ग, जिलों के अलावा भिलाई इस्पात संयंत्र, एस.बी.सी, सी.बी.सी, नगर निगम भिलाई एवं स्टार बॉक्सिंग क्लब कुल 17 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का बेस्ट बॉक्सर आशुतोष यादव एस.बी.सी और बेस्ट चेलेंजर विजय बंजारे रायपुर को टैग दिया गया। टीम चैम्पियनशिप 29 अंकों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र रहे। टीम रनर्स अप 10 अंको के साथ रायपुर जिला रहे। प्रतियोगिता में रेफरी तीरथ राउत, अशोक राउत, एम सी ठाकुर, एल. संजय, भुनेश्वर नायक, नूतन सिंह ठाकुर, तौसिन साहू, हिमांशु साहू, सितेश्वर साहू, देवान्नत्कर, राधेलाल यादव थे।

**चैंपियनशिप में 29 अंकों से बीएसपी रही टॉप में**

## विज्ञान रोचक सब्जेक्ट पर हुआ साइंस टॉक

# शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अद्भुत, विज्ञान हमारे चारों ओर फैला हुआ है, इसे रटने की नहीं समझने की जरुरत

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। साइंस सर्कल के अंतर्गत साइंस टॉक विज्ञान परिचर्चा का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में किया गया। जिसमें विज्ञान विषय की विशेषज्ञ के रूप में डॉ. हेमा कुलकर्णी को आमंत्रित किया गया। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा एवं पुष्पा बड़ा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी, राजेश कुमार चंद्राकर, गीता माली, डॉ. अजय आर्य सहित खेल अधिकारी डॉ. दिनेश नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेनेटिक्स में पीएचडी डॉ. हेमा कुलकर्णी ने कहा कि प्रतिरक्षा प्रणाली हमारे स्वास्थ्य के लिए जीवन दायिनी है। हमारा शरीर इतना अदभुत है कि इसमें 60 हजार से अधिक एंटीबॉडी बनाने की क्षमता है।



### साइंस बहुत ही रोचक विषयः उमाशंकर

शरीर का इम्यून सिस्टम हमें आनुवांशिक रूप से 60% होता है और 40% हमारे खान-पान रहन-सहन और दिनचर्या पर आधारित होता है। इम्यून सिस्टम हमारे शरीर की एक जटिल प्रणाली है जो हमें बीमारियों और संक्रमणों से बचाती है। शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों की रक्षा करना। बीमारियों के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करना। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने छात्रों से कहा कि आप सिर्फ साइंस को रटिये मत। साइंस बहुत ही रोचक विषय है। जब आप पढ़ेंगे और उसे पर चिंतन करेंगे तो आपको पता लगेगा कि आपके चारों हो विज्ञान ही विज्ञान है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जब तक आप अपने जीवन में क्यों और कैसे को स्थान नहीं देंगे तब तक शायद वैज्ञानिक बुद्धि को उत्पन्न नहीं कर पाएंगे। अंधविश्वास भी वही है जहां पर विज्ञान की जानकारी मिली।

### प्रांगण में एक सकारात्मक ऊर्जाः डॉ. दिनेश



केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश करते ही एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस होती है। डॉ दिनेश ने बच्चों हूं कि 24 घंटे में से एक घंटा अपने शरीर के लिए जरूर देना चाहिए। व्यायाम , खेलकूद और अच्छा खान-पान क जीवन के लिए जरूरी है। बच्चों को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रम्प की बायोपिक द अप्रेंटिस पर बात करने से डर रहे हॉलीवुड के कलाकार



हॉलीवुड अभिनेता सेबेस्टियन स्टेन ने इस वर्ष दो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया है, 'ए डिफरेंट मैन' और 'द अप्रेंटिस', जिनमें से दूसरी फिल्म में सेबेस्टियन ने राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका निभाई। अब इसे लेकर उन्होंने कई खुलासे किए हैं। सेबेस्टियन स्टेन का कहना है कि उनके साथी कलाकार उनकी विवादास्पद डोनाल्ड ट्रम्प फिल्म से कोई लेना-देना नहीं चाहते हैं और कम से कम सार्वजनिक रूप से तो बात बिलकुल नहीं करना चाहते हैं।

अभिनेता ने खुलासा किया है कि उन्हें वैरायटी पत्रिका की 'एक्टर्स ऑन एक्टर्स' सीरीज में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें दो कलाकारों को एक-दूसरे का साक्षात्कार लेने के लिए एक साथ जोड़ा जाता है, लेकिन सेबेस्टियन का कहना है कि यह उपस्थिति इसलिए नहीं हुई, क्योंकि कोई अन्य अभिनेता बायोपिक 'द अप्रेंटिस' में राष्ट्रपति-चुनाव ट्रम्प के रूप में उनकी भूमिका पर चर्चा नहीं करना चाहता था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान सेबेस्टियन ने कहा, 'मुझे इस शुक्रवार को वैरायटी एक्टर्स ऑन एक्टर्स में काम करने का प्रस्ताव मिला था और मुझे ऐसा करने के लिए कोई अन्य अभिनेता नहीं मिला, क्योंकि वे इस फिल्म के बारे में बात करने से बहुत डरते थे, इसलिए मैं यह काम नहीं कर सका।'

### टॉलीवुड

## तेजा की डेब्यू फिल्म संकट में प्रशांत की ये फिल्म भी होगी बंद!



सोशल मीडिया पर ही 6 सितंबर को प्रशांत वर्मा ने मशहूर तेलुगु अभिनेता नंदमूरि बालकृष्ण के बेटे मोक्षाज्ञ तेजा को अपनी एक फिल्म में लॉन्च करने का एलान किया था, लेकिन इस पर अब संकट छाए हुए हैं। इस साल की पहली मेगा हिट फिल्म 'हनुमान' के निर्देशक प्रशांत वर्मा की एक और फिल्म बंद होने की कगार पर दिखाई दे रही है। प्रशांत इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'जय हनुमान' के अलावा और भी कई फिल्मों में व्यस्त बताए जा रहे हैं और ऐसे में फिल्म 'ब्रह्मराक्षस' के बाद उनकी एक और फिल्म के बंद होने की आशंका ने तेलुगु सिनेमा में नई हलचल पैदा कर दी है। निर्देशक प्रशांत वर्मा ने पौराणिक किरदारों को आधुनिक कहानियों के साथ मिलाकर अपने सिनेमा की एक अलग दुनिया प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) रची है। इस दुनिया की पहली फिल्म 'हनुमान' रिलीज हो चुकी है। इस कड़ी की दूसरी फिल्म इंद्र की पौराणिक कथाओं से प्रेरणा लेकर 'अधीरा' के नाम से बनी है। पीवीसीयू की तीसरी फिल्म 'महाकाली' है जिसके लिए एक सांवली किशोरी को मौका देने का एलान प्रशांत ने बीते दिनों ही सोशल मीडिया पर किया। सोशल मीडिया पर ही 6 सितंबर को प्रशांत वर्मा ने मशहूर तेलुगु अभिनेता नंदमूरि बालकृष्ण के बेटे मोक्षाज्ञ तेजा को अपनी एक फिल्म में लॉन्च करने का एलान किया था। ये घोषणा करते हुए प्रशांत ने नंदमूरि बालकृष्ण का इस भरोसे के लिए धन्यवाद भी किया। पीवीसीयू के तहत बनने वाली मोक्षाज्ञ की फिल्म की शूटिंग गुरुवार 5 दिसंबर से शुरू होने का मुहूर्त निकला था, लेकिन जानकारी मिल रही है कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हो सकी। प्रशांत वर्मा के नजदीकी सूत्र बताते हैं कि उन्होंने इतना ज्यादा काम अपने पास ले लिया है कि वह किसी एक फिल्म पर पूरा ध्यान दे पाने की सूरत में नहीं हैं। फिल्म 'हनुमान' की सफलता के बाद तमाम तेलुगु निर्माताओं ने उनके लिए अपनी तिजोरियां खोल दी हैं। इनमें फिल्म 'पुष्पा 2' की निर्माता कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स भी शामिल है, जितने फिल्म 'ब्रह्मराक्षस' में प्रशांत हिंदी सिनेमा के संघर्षशील अभिनेता रणवीर सिंह को निर्देशित करने वाले थे। मोक्षाज्ञा की फिल्म का जो मुहूर्त गुरुवार को निकला था, उस दिन ये फिल्म शुरू क्यों नहीं हो पाई, इस बारे में न तो प्रशांत वर्मा की तरफ से और न ही मोक्षाज्ञ के पिता नंदमूरि बालकृष्ण की तरफ से ही कोई बयान आया है। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म के निर्माता सुधाकर चेरुकुरी इस बारे में कोई बयान जल्द ही जारी करेंगे। और तब जाकर ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्रशांत वर्मा से भी इस बारे में संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

### ओटीटी

## युवा निर्देशक अपूर्व की लघु फिल्मों में सामाजिक संदेश के साथ पारिवारिक कथानक



राजधानी रायपुर निवासी युवा फिल्मकार अपूर्व डेगन की दो लघु फिल्में 4 और 5 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफार्म "हंगामा" पर रिलीज हुई। दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रियाओं से अपूर्व अपनी इन दोनों फिल्मों इंस्टेंट लोन और फैमिली बॉय को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अपूर्व का कहना है ओटीटी प्लेटफार्म पर भी दर्शक उनकी फिल्म को पसंद कर रहे हैं, यह उनके लिए सबसे बड़ा प्रतिसाद है। शैलेंद्र नगर निवासी राजेश डेगन और संगीता डेगन के सुपुत्र अपूर्व का कहना है कि उनके लिए कला सिर्फ काम नहीं, बल्कि एक जुनून है। अपनी फिल्मों के बारे में उन्होंने बताया कि इंस्टेंट लोन एक बेरोजगार युवक के मानसिक अन्तर्द्वन्द की कहानी है। उसके ऊपर कमाई को लेकर परिवार का दबाव है और नौकरी उसे मिल नही पा रही है। ऐसे में वह किस तरह परिस्थितियों से जूझता है, इसे फिल्म में दिखाया गया है। इसी तरह फैमिली बॉय एक ऐसे बच्चे किं कहानी है जिसे परिवार का हद से भी ज़्यादा संरक्षण प्राप्त है इस कारण वह आलसी हो गया है फिर कुछ ऐसा होता है कि बच्चे के जीवन मे अचानक बदलाव आ जाता है। दोनों ही फिल्में पूरी तरह पारिवारिक एवं समाज को बेहतरीन सन्देश पर आधारित है। अपूर्व ने बताया कि जल्द ही उनकी कुछ और लघु फिल्में ओटीटी प्लेटफार्म पर आ रही है और उम्मीद है उन फिल्मों को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा।

### तारों की बारात

### लाइफ स्टाइल



"मिलान फैशन वीक में गुच्ची के फॉल/विंटर 2024 फैशन शो के निमंत्रण के साथ आए नोटबुक पर 'अपने दिल की सुनो' संदेश लिखा हुआ था। बेशक, दिल की बात सुनते हुए डिजाइनर रोसो एनकोरा ने सितारों की बारात सजा दी। क्रिएटिव डायरेक्टर सबातो डी सरनो ने मॉडल को कुछ इस अंदाज में स्टेज पर उतारा कि दर्शक भी वाह-वाह करते रह गए।

## साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन आसान टिप्स को फॉलो करें

अगर साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन घरेलू चीजों के इस्तेमाल से बदबू को चुटकी में गायब कर सकते हैं। लैवेंडर ऑयल एक ऐसी चीज है, जिसके इस्तेमाल से जैकेट से लेकर स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े को सुगंधित बना सकते हैं।




अगर आपको लैवेंडर ऑयल पसंद नहीं हैं, तो आप किसी अन्य एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले पानी में डिटर्जेंट पाउडर को डालकर अच्छे से घोल लें। अब इसमें 1/2 चम्मच लैवेंडर ऑयल को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद जैकेट को घोल में डालकर 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को रगड़कर साफ कर लें और धूप में रख दें। खाना बनाने या घर की सफाई के लिए आपने एक बार नहीं, बल्कि कई बार बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया होगा।

ऐसे में आपको बता दें कि बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर कर सकते हैं। व्हाइट विनेगर का इस्तेमाल कई लोग क्लीनिंग में करते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से विंटर जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको अधिक मेहनत भी करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए 2-3 लीटर ठंडे पानी में 1-2 चम्मच व्हाइट विनेगरको डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मिश्रण में साफ जैकेट को डालकर लगभग 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को निचोड़कर धूप में रख दें।

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, कैरी करना बेहत आसान




एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं।



### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते।

एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।

### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल फिट फंक्शनैलिटी

### कपड़ा आराम वाला

एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं। इस फैब्रिक की खासियत इनका रिंकल फ्री, मॉइश्चर को सोखने वाला और फ्लेक्सिबल होना होता है।

## क्रिसमस पार्टी के लिए कैरी करें नया लुक

क्रिसमस के दिन लोग अपने-अपने घरों में पार्टी का आयोजन भी करते हैं। इसको लेकर लड़कियां पहले से ही शॉपिंग शुरू कर देती हैं, लेकिन क्रिसमस का त्योहार महीने के अंत में आता है। ऐसे में ये जरूरी तो नहीं, कि हर कोई नए कपड़े खरीद ही पाए। बहुत से लोग तो समय के अभाव में भी शॉपिंग करने नहीं जा पाते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप अपने पुराने कपड़ों को ही नए तरीके से कैरी कर सकती हैं। इन टिप्स को अपनाने के बाद आपको नए कपड़े खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए देर ना करते हुए आपको भी ये टिप्स बताते हैं।

**ड्रेस को ऐसे करें कैरी :** क्रिसमस के समय काफी सर्दी पड़ती है, ऐसे में आप अपनी किसी ऐसी शॉर्ट ड्रेस को ब्लेजर के साथ कैरी कर सकती हैं, जो गर्मियों के हिसाब से है। इससे आपको नई ड्रेस खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, और आपका लुक स्टाइलिश भी दिखेगा।

**ओवर साइज स्वेटर:** अगर आपके पास ऐसा ओवर साइट स्वेटर नहीं है तो आप अपने भाई का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ओवर साइज स्वेटर को आप ड्रेस की तरह कैरी कर सकती हैं। इसके साथ अगर आप बूट्स पहनेंगी तो ये आआपको एकदम परफेक्ट लुक देगा।



**ब्लेजर:** आजकल ब्लेजर काफी ट्रेंड में हैं। ऐसे में आप डेनिम शॉर्ट्स या टाइट्स के साथ ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप स्पोर्ट्स शूज भी पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं।

**क्रॉप टॉप और जींस :** अगर आप पार्टी में ग्लैमरस लुक कैरी करना चाहती हैं तो क्रॉप टॉप और जींस के साथ डेनिम जैकेट कैरी करें। डेनिम जैकेट लगभग हर लड़की के पास होती है। इसे पहनते वक्त पूरी तरह से बंद ना करें। इससे आपकी क्रॉप टॉप भी अच्छे से दिखाई देगी।

## हैवी नेकलेस को पहनते हुए नहीं होगा दर्द, बस इन टिप्स को कीजिए फॉलो

हैवी नेकलेस पहनते समय अक्सर गर्दन में दर्द होना शुरू हो जाता है। हालांकि, अगर आप इस तरह के दर्द से बचना चाहती हैं तो ऐसे में आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करना चाहिए। अधिकतर लड़कियां दर्द से बचने के लिए अपने लुक के साथ समझौता करती हैं और हल्का नेकपीस पहनती हैं। जबकि आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान स्टाइलिंग हैक्स की मदद से आप अपने लुक को स्टनिंग बना सकती हैं। साथ ही साथ, आपको ऐसा बिल्कुल भी महसूस नहीं होता है कि आप अपनी गर्दन पर डंबल लटकाए घूम रही हैं। बस आप बेफिक्र होकर स्टेटमेंट पीस पहनें और अपने लुक में रॉक करें।



### पैडिंग को करें शामिल

जब आप हैवी नेकलेस पहन रही हैं तो इसके साथ पैडिंग को एड करना काफी अच्छा माना जाता है। बस आप नेकलेस के नीचे एक पतली फोम स्ट्रिप या मुलायम कपड़ा चिपका दें, खासकर अगर इसमें खुरदरे या हैवी पीसेस हों। इससे दबाव को कम करने और स्किन इरिटेशन को रोकने में मदद मिलती है।

### फ़िट को करें एडजस्ट

एक्सटेंडर की मदद से भी वजन को आसानी से बांटा जा सकता है। अगर नेकलेस बहुत टाइट लगता है, तो इसे अपनी छाती पर नीचे रखने के लिए एक्सटेंडर चेन का उपयोग करें, जिससे वज़न फिर से वितरित हो जाए। साथ ही साथ, नेकलेस को अपने आउटफिट में सुरक्षित करने के लिए छोटे सेफ्टी पिन या फ़ैशन टेप का उपयोग करें। इससे आपकी गर्दन का कुछ वजन कम हो जाता है, जिससे आपको अधिक कंफर्टेबल फील होता है। साथ ही साथ, यह इधर-उधर खिसकने से भी बच जाती है।

### कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश शर्ट के साथ कॉलर का चुनाव करें सावधानी से

# अपनी पसंद की शर्ट कॉलर चुनना मुश्किल नहीं, आसान से टिप्स करेंगे आपकी मदद

*शर्ट तो पहनते हैं वो भी महंगी और बेहद स्टाइलिश लेकिन कभी शर्ट के कॉलर के बारे में सोचा है? ये कैसा होना चाहिए, आप पर कैसा लगेगा जैसे सवाल खुद से पूछे हैं, नहीं न। शर्ट देखी, अच्छी लगी और खरीद ली। है न। लेकिन अब जब आप शर्ट खरीदिएगा तो उसके कॉलर पर भी ध्यान दीजिएगा। क्योंकि शर्ट ही नहीं कॉलर भी आपके ऊपर सूट करनी चाहिए। बाजार में एक नहीं कई तरह की कॉलर वाली शर्ट मिल जाती हैं। इनमें से आपके लिए कौन सी बेस्ट है, जान लीजिए और तब ही इसे खरीदिए।*



### आपके लिए सही शर्ट कॉलर कौन सी है?

शर्ट की कॉलर चुनना बहुत कठिन काम नहीं है लेकिन इसे देख समझकर ही शर्ट खरीदी जानी चाहिए। ताकि आपकी महंगी शर्ट और लुक दोनों को फुल मार्क्स मिल सकें. कैसे खरीदेंगे ये शर्ट जानिए-

### कॉलर की फिटिंग भी जानिए

शर्ट की फिटिंग पर तो आप खूब ध्यान देते होंगे लेकिन क्या कभी इसकी कॉलर की फिटिंग पर ध्यान दिया है? नहीं दिया होगा। लेकिन बेहतरीन लुक के लिए आपको कॉलर की फिटिंग भी देखनी चाहिए। लेकिन इसे देखें और समझेंगे कैसे?

### .सॉफ्ट कॉलर, कैजुअल कॉलर

कॉलर सॉफ्ट भी होती हैं और स्टिफ भी। इनके बीच लुक को लेकर अंतर होता है। कॉलर जितनी सॉफ्ट होगी उसका लुक उतना ही कैजुअल आएगा जबकि स्टिफ कॉलर फॉर्मल लुक देता है। आप इस नियम के साथ शर्ट का चुनाव आसानी से कर सकते हैं। इस तरह से आपका चुनाव परफेक्ट होगा।

### चेहरे के हिसाब से चुनें कॉलर

इस तरह से शर्ट खरीदने को लेकर आपने शायद ही कभी सोचा हो। शायद ही आपको शर्ट नहीं कॉलर के स्टाइल और फिटिंग पर ध्यान दिया हो. लेकिन शर्ट सही और बेस्ट लुकिंग हो इसके लिए आपको कॉलर के बारे में सोचना ही होगा। हालांकि ये बात भी सही है कि आप जैसे स्टाइल में खुद को अच्छा महसूस करें, बस उसे ही चुन लें। लेकिन खुद को स्मार्ट फील देने के लिए आपको चेहरे के हिसाब से शर्ट कॉलर चुनने की सलाह दी जाती है। चुनाव ऐसे करें कि गोल चेहरा है तो पॉइंट कॉलर चुनें ये इस आकार को बैलेंस कर देगी। वहीं चेहरा स्क्वायर है तो टैब और पॉइंट कॉलर अच्छे लगेंगे।

### कॉलर कैसे-कैसे

**पॉइंट कॉलर_** ये कॉलर सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है जो 1 इंच से 3 इंच तक फैला होता है। ये कॉलर 50 से 70 डिग्री के एंगल पर बना होता है। जबकि इसकी हाइट 1 से 2 इंच होती है। वैसे तो ये राउंड शेप चेहरे के साथ अच्छी लगती है। लेकिन इसे कोई भी पहनें तो मैच कर जाती है।